वर्ष- 22 अंक - 08 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2.50 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शनिवार 20 जून 2026

# युवा मोर्चा अध्यक्ष टेलर को उपयोग करना था टॉयलेट...
# रात में खुलवा दिया बैंक

**मुरैना ● एजेंसी**

सत्ता के रसूख की एक तस्वीर चर्चा में बनी हुई है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर मुरैना में युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। कार्यक्रम स्थल से करीब 100 मीटर दूर ही टेलर ने टॉयलेट उपयोग करने के लिए स्थानीय कार्यकर्ताओं से कहा तो उत्साहीलाल कार्यकर्ता उन्हें व्यावसायिक एवं औद्योगिक सहकारी बैंक ले गए। रात में यह बैंक खुलवाया गया और टेलर ने यहां टॉयलेट उपयोग किया। जबकि कार्यक्रम स्थल पर भी सुविधाघर बने थे। इस दौरान टेलर के साथ कई कार्यकर्ता भी बैंक में घुस गए।अब बैंक की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठाया जा रहा है। बैंक प्रबंधन का कहना है कि केवल टॉयलेट उपयोग कराने के लिए परिसर खोला गया था,बैंक के अंदर कोई नहीं गया।




## उद्धव को कुत्ता कहा

**मुंबई.एजेंसी।** शिवसेना के स्थापना दिवस पर उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे को कुत्ता बताते हुए कहा कि कुत्ते भौंकते हैं और टाइगर शिकार करता है।

## ट्रंप ने मोदी को फिर बताया महान और सख्त

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक इंटरव्यू में मोदी की फिर जमकर तारीफ की और मोदी को महान नेता व सख्त प्रशासक बताया। उन्होंने यह भी कहा कि वे दुनिया के तमाम नेताओं में मोदी की सबसे ज्यादा इज्जत करते हैं।

## लालू के बड़े बेटे की हत्या की साजिश

**पटना.एजेंसी।** लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव ने अपनी कथित प्रेमिका अनुष्का यादव के भाई आकाश यादव के खिलाफ पुलिस में शिकायत करते हुए कहा कि आकाश यादव मेरी हत्या करवाना चाहता है।

## जहांगीर खान की पत्नी भी गिरफ्तार

**कोलकाता.एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस के बाहुबली नेता जहांगीर खान की गिरफ्तारी के बाद अब उनकी पत्नी रेजिना बीबी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पर पथराव के बाद वह फरार चल रही थी। उधर कोलकाता एयरपोर्ट पर भाजपा व तृणमूल कार्यकर्ताओं के बीच जमकर मारपीट हुई।

## 74 कोड़े पड़ेंगे

**तेहरान.एजेंसी।** ईरान की मशहूर सिंगर परस्तू अहमदी और उसके 8 साथियों को 74-74 कोड़े मारने की सजा सुनाई गई है। लाइव कॉन्सर्ट के दौरान इस सिंगर ने हिजाब की जगह स्लीवलेस ड्रेस पहनी थी।

## जंतर-मंतर पर आज कॉकरोच प्रदर्शन

**नई दिल्ली.एजेंसी।** कॉकरोच जनता पार्टी आज फिर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेगी। पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने सुसाइड करने वाले नीट छात्रों के परिवारों को एक करोड़ का मुआवजा देने और शिक्षा मंत्री प्रधान के इस्तीफे की मांग की है।

## नीट री-एग्जाम के लिए आज देशभर में मॉकड्रिल

**शनिवार.एजेंसी।** कल होने वाली नीट री-एग्जाम के लिए आज देशभर में मॉकड्रिल होगी। कल होने वाली परीक्षा में 22 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसके लिए 5 हजार से ज्यादा परीक्षा केंद्र बना गए हैं।

## कल नौसेना को मिलेंगे तीन युद्धपोत

**कोलकाता.एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल योग दिवस पर कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट पर आयोजित समारोह में स्वदेशी तकनीक से निर्मित तीन अत्याधुनिक नौसैनिक पोतों आईएनएस दूनागिरी, को नौसेना में शामिल करेंगे।

## दो ट्रेनें टकराई

**लंदन.एजेंसी।** लंदन में दो ट्रेनों के बीच टक्कर में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए।













# मुख्यमंत्री ने फिर साधा पटवारी पर निशाना

## कहा- मधु भैया को देखते ही आने लगते हैं भेरूजी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विगत दिनों भी पटवारी पर जमकर निशाना साधा था और कल जब इंदौर में विकास कार्यों के भूमिपूजन की सौगात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दे रहे थे और इंदौर के जनप्रतिनिधि उस दौरान मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने जब वार्ड 37 के तुलसी नगर पुलिया से निपानिया तक 16 करोड़ के विकास कार्य का भूमिपूजन किया और कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने फिर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर तंज कसा और कहा कि विधायक मधु वर्मा ने विपक्ष को ऐसी चौपड़ सिखाई कि वे आज तक उससे उभर नहीं पा रहे हैं। पटवारी को जैसे ही मधु भैया दिखते हैं उन्हें भेरूजी आने लगते हैं। मधु भैया ने ऐसा चारों खाने चित्त किया कि वे अभी तक होंश में नहीं आए हैं, पता नहीं कहां है, जनता के बीच क्या-क्या बोलते रहते हैं और घूमते रहते हैं, लेकिन इधर नहीं आते हैं। मौजूद जनप्रतिनिधि, भाजपा नेता, कार्यकर्ता, रहवासियों ने मुख्यमंत्री की टिप्पणी पर जमकर ठहाके लगाए, जनता खुश थी कि उन्हें 16 करोड़ के कार्य की सौगात खुद मुख्यमंत्री ने दी है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत दो हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से 50-50 हजार रुपये के चेक वितरित किए। लाभार्थियों में राहुल मरमट और जगदीश उपाध्याय शामिल रहे।

# विधानसभा 1 में आज करोड़ों की सौगात

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कैलाश विजयवर्गीय की विधानसभा 1 में आज 27 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दो दिनों में मिलने जा रही है। कुछ सौगात कल भी दी जाएगी। आज सभी आंगनवाड़ियों में बच्चों के लिए फर्नीचर और सांसद निधि से 18 बोरिंग की सौगात दी जाएगी। इसमें करीब 1 करोड़ 30 लाख का बजट है। यह आयोजन विधायक कार्यालय किला मैदान पर होगा। वहीं वार्ड 12 के यादव नन्द नगर चौराहा दामोदर धर्मशाला के पास 4.80 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण शाम 4 बजे से होगा। वहीं वार्ड 17 में 6.28 करोड़ के विकास कार्य का भूमिपूजन और लोकार्पण कुशवाह नगर हनुमान मंदिर के पास शाम 5 बजे से पार्षद शिवम यादव की मौजूदगी में होगा। वहीं वार्ड 10 में 10.71 करोड़ के विकास कार्य का भूमिपूजन व लोकार्पण शासकीय स्कूल संगम नगर में शाम 6 बजे होगा।





# मंडी शुल्क वृद्धि में बंद के आह्वान पर कांग्रेस का समर्थन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश में मंडी शुल्क बढ़ाए जाने पर कल म.प्र. उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद बागड़ी ने प्रदेश के सभी जिलों के जिला अध्यक्षों को निर्देशित किया था कि वे सभी मंडी में मंडी पदाधिकारी और व्यापारियों से मुलाकात करें और 23 जून को प्रदेश व्यापारी महासंघ के बंद के आह्वान पर अपना समर्थन दें। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने उद्योग व्यापारिक प्रकोष्ठ को निर्देश दिया था कि वे ऐसा करें। कल अरविंद बागड़ी, चिंटू चौकसे, शैलेष गर्ग, मधुसूदन भलिका, दीपक मलोरिया रानू, नीलेश सेन शैलू छावनी अनाज मंडी पहुंचे और वहां उन्होंने मंडी पदाधिकारी गोपालदास अग्रवाल, राजा अग्रवाल, काशीनाथ अग्रवाल, विजय काला सहित अन्य से चर्चा भी की। मंडी शुल्क बढ़ने से कृषि उत्पादकों की लागत और बाजार भाव बढ़ेंगे इसका असर सीधा महंगाई पर पड़ेगा।

# राहुल गांधी का जन्मदिन मनाने से कांग्रेसियों को रोकने की कोशिश

## सेक्युरिटी के लोग पहुंचे तो हुई बहस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।




कांग्रेस नेता सन्नी राजपाल, हिमांशु यादव, गिरिश चितले, शेख शाकिर मसूदी ने बताया कि हमारी कांग्रेस के आलाकमान और हमारे नेता राहुल गांधी का जन्मदिन मनाने कल सेवाकार्य के अन्तर्गत एमवाय अस्पताल पहुंचे थे जहां मरीजों को खाद्य सामग्री वितरित कर रहे थे उस दौरान अन्दर खाद्य सामग्री वितरित करने से हमें इसलिए रोका गया कि हम कांग्रेस से जुड़े हुए हैं। हमने इस पर आपत्ति ली और कहा कि कोई राजनीति नहीं कर रहे हैं, केवल सेवाकार्य में खाद्य सामग्री का वितरण कर रहे हैं। कांग्रेसी बीच-बीच में राहुल गांधी जिंदाबाद, हमारा नेता कैसा हो, राहुल गांधी जैसा हो के नारे लगा रहे थे, जब खाद्य स्टॉल हटाने के लिए सेक्युरिटी के लोग पहुंचे तो बहस भी हुई। सेक्युरिटी का कहना था कि यहां खाद्य सामग्री वितरण करने पर रोक लगी हुई है। एमवाय में ही कांग्रेसियों ने राहुल गांधी के जन्मदिन का केक भी काटा और खाद्य सामग्री भी मरीज और परिजनों को वितरण कर सेवाकार्य किया।

## कांग्रेस वार्ड पदाधिकारियों के साथ कल शाम पटवारी का संवाद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि शहर के 85 वार्ड अध्यक्ष, वार्ड प्रभारी, महिला प्रभारी और विधानसभा प्रभारी व प्रमुख शहर पदाधिकारी के अलावा वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में गांधी भवन में कल शाम 5 बजे से संवाद बैठक आयोजित की गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी वन-टू-वन चर्चा कल रविवार को करेंगे। बैठक के बाद भोज का आयोजन भी किया गया है। वार्ड के जिम्मेदारों को बूथ और पन्ना स्तर तक की जानकारी दी जाएगी।

# सामूहिक भ्रामरी प्राणायाम के लिए तैयारियां

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



नगर पालिक निगम इंदौर द्वारा संचालित 'योगमित्र अभियान' के अंतर्गत 21 जून को आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन गोपूर चौराहा पर किया जाएगा। 10 हजार से अधिक योग साधक सामूहिक रूप से भ्रामरी प्राणायाम करेंगे। इसके माध्यम कीर्तिमान बनाने का प्रयास भी है। इस दौरान योग मित्र अभियान की आधिकारिक वेबसाइट का भी लोकार्पण होगा। आयोजन सुबह 6 से 8 बजे तक आयोजित होगा। अलग-अलग संस्थाओं द्वारा योगासनों की भक्तिमय एवं आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएगी। इस आयोजन के योग अभ्यास के लिए अलग-अलग संगठन और अधिकारियों के साथ महापौर पुष्पमित्र भार्गव गोपूर चौराहा पहुंचे, अभिषेक शर्मा बबलू भी मौजूद रहे। संचालन राकेश चौधरी, चेतना जोशी करेंगे। 10 हजार से अधिक योग साधक सामूहिक रूप से भ्रामरी प्राणायाम कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाने का संकल्प लेंगे। इस ऐतिहासिक आयोजन में इंदौर की 70 से अधिक योग संस्थाएं, खेल संस्थाएं, 150 से अधिक सामाजिक संगठन तथा समाज के विभिन्न वर्गों के हजारों नागरिक सहभागी बनेंगे। वरिष्ठ योग गुरुओं, योग खिलाड़ियों एवं योग प्रचारकों को 'योग अलंकरण' से सम्मानित किया जाएगा।



# उपमुख्यमंत्री का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नवीन एमवाय अस्पताल के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति जानने और गुणवत्ता की समीक्षा करने उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल बड़े अस्पताल पहुंचे तो उनका स्वागत किया गया। जनप्रतिनिधि, भाजपाई और अधिकारी मौजूद रहे।

## दिग्विजय सिंह कल आएंगे

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह आज दिल्ली में सांसद सुप्रिया सुले की बेटी के विवाह में शिरकत करने के बाद रात्रि विश्राम मुंबई में करेंगे और कल रविवार की शाम 6.15 बजे मुंबई से इंदौर पहुंचेंगे। सुवेग राठी और नासिर खान ने बताया कि कल वे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे और कल रात्रि विश्राम रेसीडेंसी कोठी पर करेंगे। सोमवार को भी मांगलिक कार्यक्रम में और अन्य आयोजन में शिरकत करेंगे।

## भाजपा का कल 35 मंडल में योग कार्यक्रम

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रस्ताव को मान्यता मिली थी 177 देशों ने समर्थन किया था। अब 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में नगर भाजपा ने अपने सभी 35 मंडल में योग कार्यक्रम का निर्धारण किया है। हर मंडल के स्थान भी योग के लिए तय किए गए हैं।

# शासकीय चिकित्सों पर कार्रवाई क्यों नहीं -कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने सवाल उठाया कि क्या प्रदेश में सरकारी अस्पतालों को निजी अस्पतालों में सौंपने का काम आंख बंद कर स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा है। द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश के अलावा इंदौर के भी शासकीय अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सकों द्वारा मरीजों का उपचार करने के बजाए उन्हें निजी अस्पताल भेजने का कृत्य कुछ चिकित्सकों द्वारा किया जाता है। शासकीय अस्पतालों को प्रमुखों को भी इसकी जानकारी रहती है, फिर भी शासकीय चिकित्सकों पर कार्रवाई नहीं होती है। आर्थिक रूप से कमजोर मरीज और परिजन ही शासकीय अस्पतालों का उपयोग करने पहुंचते हैं और उन्हें निजी अस्पतालों की जांच, वहां भर्ती होने की सलाह दी जाती है, कई चिकित्सक बकायदा पर्ची पर अस्पताल का नाम और किस डॉक्टर से मिलना है यह भी बताते हैं और कुछ चिकित्सक निजी अस्पतालों में और अपना कार्यालय भी चलाते हैं और बाद में वे आर्थिक लाभ उठाने की कोशिश करते हैं, इन पर स्वास्थ्य विभाग और सरकार का शिकंजा नहीं होने के साथ जिला प्रशासन का भी नियंत्रण नहीं रहता है, जिससे यह गोरख धंधा कमाई का चल रहा है। लापरवाही के चलते पूर्व में व्यापमं घोटाला हुआ, सिरप पीने से मौतें हुई, आयुष्मान योजना में भी घोटाले चल रहे हैं। द्विवेदी ने कहा कि म.प्र. के कई स्थानों पर संजीवनी नर्सिंग होम में भी गड़बड़ी चल रही है। मेडिकल कॉलेज की मान्यता दिलाने को लेकर भी ईडी की कार्रवाई हुई थी। द्विवेदी ने कहा कि दो निजी अस्पतालों की ख्याति क्यों है और उनके कर्ताधर्ता जेल तक हो आए, फिर भी भाजपा सरकार का उन पर वरदहस्त क्यों है। द्विवेदी ने कहा कि जब एमवायएच अस्पताल के तथा अन्य शासकीय अस्पताल के डाक्टर निजी अस्पतालों में मरीजों को भेजते हैं खुद निजी अस्पतालों में सेवा देते हैं तो समझा जा सकता है कि फिर सरकारी अस्पतालों की तब क्या तस्वीर होगी जब सरकारी अस्पतालों को निजी अस्पतालों के खास लोगों व्दारा चलाया जाएगा। आज मप्र में निजी अस्पतालों की लूट तथा कारनामे किसी से छुपे नहीं हैं।




# भाजपाइयों ने किया किसानों से संवाद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा ने बताया कि केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कस्तूरबा ग्राम स्थित कृषि विज्ञान केंद्र, इंदौर में प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों, कृषि विशेषज्ञों एवं किसान बंधुओं ने सहभागिता कर प्राकृतिक खेती के महत्व एवं इसके व्यापक लाभों पर विचार-विमर्श किया। सांसद शंकर लालवानी, श्रवणसिंह चावड़ा ने सार्थक उद्बोधन भी दिए। रीना सतीश मालवीय, नारायण पटेल, राजीव पटेल, घनश्याम पाटीदार, डी.डी. केवड़ा, सतनाम परमार, सुनील गहलोत, पूनम माली, पुलकितसिंह चौहान एवं कृषि अनुसंधान केंद्र के अधिकारी मौजूद रहे। इस संवाद के दौरान किसानों ने भी अपनी बात अलग अलग मुद्दों पर रखी। कई किसानों की बात का हल भी बताया गया और यह भी भाजपा नेताओं ने कहा कि इन मुद्दों पर मुख्यमंत्री से चर्चा की जाएगी और सारी समस्याओं का हल किया जाएगा। कुल मिलाकर किसानों से इस मुद्दे पर संवाद के जरिये सीधे सीधे भाजपा से जोड़ने का काम किया गया। इसीलिए भाजपा नेता इस संवाद में मौजूद रहे।

# मेट्रो पोलिटन सिटी इंदौर को बनाने के लिए कांग्रेस की आज विशेषज्ञों के साथ मशविरा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस अध्यक्ष और निगम में नेताप्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने आज दोपहर 1.30 बजे दो मेट्रो पोलिटन विशेषज्ञों के साथ निगम में नेताप्रतिपक्ष कार्यालय में राय मशविरा बैठक आयोजित की है। चिंटू चौकसे ने बताया कि हम विशेषज्ञों से राय लेकर इस मामले में मीडिया से चर्चा दो दिन बाद करेंगे। इंदौर प्रदेश की आर्थिक राजधानी है और प्रदेश से जो राजस्व आता है उसका 33 प्रतिशत राजस्व इंदौर देता है इसलिए मेट्रो पोलिटन सिटी का मुख्यालय इंदौर बनना चाहिए। उज्जैन हमारे लिए धार्मिक आस्था का केन्द्र है, हमारी आत्मा है, चूंकि म.प्र. की आर्थिक राजधानी इंदौर है इंदौर को मेट्रो पोलिटन का मुख्य केन्द्र बनाना चाहिए और इसकी रूपरेखा आज बनाई जाएगी। दो विशेषज्ञों के साथ बैठक होगी और उसमें क्या राय विशेषज्ञ देते हैं उसके बाद मीडिया से चर्चा की जाएगी। चौकसे ने कहा कि इस मामले में सरकार की ओर से स्थिति स्पष्ट होना चाहिए कि मेट्रो पोलिटन सिटी बनने के बाद किसको लाभ मिलेगा, इस पर कोई स्पष्टता नहीं है, सरकार की स्पष्टता होना चाहिए।

# आज शाम से बरसात के आसार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मौसम विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि मुंबई की ओर से और अरब सागर बंगाल की खाड़ी से मानसून इंदौर की ओर बढ़ रहा है। दो से तीन दिन में मानसून में अच्छा सुधार होगा और उसके बाद बरसात भी होगी। इसका असर महाराष्ट्र बेल्ट में ज्यादा नजर आएगा। आज शाम से बादल बनेंगे और बरसात की उम्मीद आज शाम के बाद एक से दो दिनों तक रहेगी। आज शाम तेज गरज, चमक भी होगी और हवाएं भी चल सकती है और बरसात भी कहीं-कहीं तेज बूंदाबांदी के साथ हो सकती है।

# मुख्यमंत्री आज फिर दे रहे हैं सौगात

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लगातार उज्जैन और इंदौर में विकास की सौगात के भूमिपूजन के आयोजन कर रहे हैं। आज भी मुख्यमंत्री उज्जैन से इंदौर पहुंच रहे हैं और वे इंदौर-उज्जैन ग्रीन फिल्ड रोड का भूमिपूजन का बड़ा आयोजन कर रहे हैं। यह आयोजन चन्द्रावतीगंज सांवेर में हो रहा है। दोपहर 1 बजे चन्द्रावतीगंज सांवेर हेलीपेड से इंदौर एयरपोर्ट मुख्यमंत्री पहुंचेंगे और फिर उसके बाद दोपहर 1.25 बजे पितृ पर्वत पर कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर में इंदौर विमानतल से भोपाल के लिए रवाना होंगे। रात्रि में फिर मुख्यमंत्री जबलपुर चले जाएंगे और वहां रात्रि विश्राम करेंगे।

# बड़ी चोरी का खुलासा, दो धराए

**इन्दौर।** लसूड़िया पुलिस ने एक बड़ी चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियो को दबोचने में सफलता हासिल की है। दोनों आरोपियों से लाखों का माल बरामद किया जा चुका है। इस पूरे मामले को लेकर दोपहर में प्रेस कांफ्रेंस लेकर अधिकारी खुलासा करेंगे।

सिटी ब्लास्ट जल ही जीवन

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कल आएंगे

## अलग-अलग कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार कल रविवार 21 जून को इंदौर आकर कार्यक्रम में शामिल होंगे। सबसे पहले वे नगर निगम द्वारा बड़े रूप में गोपूर चौराहा पर आयोजित योग दिवस में शामिल होंगे। उसके बाद वे सुबह 9 बजे अहिल्या माता प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। कल सुबह 10 बजे मीडिया से चर्चा भी करेंगे। कल सुबह 10.30 बजे भाजपा कार्यालय पर पदाधिकारियों की बैठक लेंगे, जिसमें पिछड़ा वर्ग के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, मोर्चा के नगर पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री मौजूद रहेंगे। कल सुबह 11.30 बजे मीडिया, इन्फ्लूएन्सर से संवाद करेंगे। कल दोपहर 12.30 बजे पौधारोपण भी करेंगे। कल दोपहर 2 बजे बॉक्सिंग प्रतियोगिता, 3 बजे माली समाज की बैठक में शामिल होंगे। कल दोपहर 3.30 बजे बड़ा गणपति के दर्शन करेंगे। 3.45 बजे नृसिंह वाटिका में हितग्राही सम्मेलन को संबोधित करेंगे। 5 बजे राजमोहल्ला चौराहा पर कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों के साथ चाय पर चर्चा करेंगे। शाम 5:30 बजे भंवरकुआं चौराहा स्थित टंट्या मामा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं जनजाति समूह द्वारा लोकनृत्य की प्रस्तुति के साथ स्वागत, शाम 5:45 बजे भंवरकुआं चौराहा पर आयोजित साइकिल रैली में, शाम 6 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण, शाम 6:30 बजे विष्णुपुरी स्थित गुरुद्वारे में माथा टेक कर अरदास करेंगे। उसके पश्चात शाम 7 बजे पिछड़ा वर्ग के युवाओं से संवाद करेंगे।

# मुख्यमंत्री ने भूमिपूजन कर दी सौगात

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल इंदौर प्रवास के दौरान तुलसी नगर पुलिया से निपानिया तक सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। सड़क निर्माण कार्य की लागत 13.26 करोड़ और प्राइमरी तथा आंतरिक सीवर लाइन निर्माण कार्य की लागत 2.64 करोड़ रुपए है।

यह सड़क लगभग 1.30 किलोमीटर लंबी एवं इन्दौर विकास योजना-2021 के अनुसार 30 मीटर चौड़ाई में निर्मित होगी। परियोजना के अंतर्गत सीमेंट कंक्रीट सड़क निर्माण, सीवर चैम्बरों का सुदृढ़ीकरण, फुटपाथ निर्माण तथा विद्युत लाइन शिफ्टिंग सहित विभिन्न अधोसंरचनात्मक कार्य किए जाएंगे। सड़क के निर्माण से तुलसी नगर, निपानिया, अंकुर आंगन, राजाराम ऐवेन्यु तथा महालक्ष्मी नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के रहवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। वंदेमातरम गीत का गायन हुआ। मुख्यमंत्री ने पूजन-अर्चन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कनाड़िया रोड से खजराना रोड तक लगभग 1400 मीटर लिंक रोड बनाने की घोषणा की। उन्होंने पूर्वी रिंग रोड से रॉबट चौराहे तक 6 लेन फ्लाईओवर बनाने की घोषणा की। जिसकी अनुमानित लागत लगभग 50 करोड़ रुपए होगी। उन्होंने कहा कि अवैध कालोनियों को वैध करने के लिए भी ठोस कार्य करने के प्रयास करेंगे। वहीं मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत 2 हितग्राही को हितलाभ वितरण किया जिसमें राहुल मरमट और जगदीश उपाध्याय को 50 हजार का प्रतीकात्मक चेक मंच से प्रदान किया गया। इंदौर के जनप्रतिनिधि, अधिकारी मौजूद रहे।

# 57 सेंटरों पर 23 हजार परीक्षार्थी कल देंगे नीट

## पिछली परीक्षा से व्यवस्थाओं में कोई बड़ा बदलाव नहीं, प्रशासन का सुरक्षा पर जोर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**वैसे तो नीट परिक्षा 3 मई को आयोजित की गई थी लेकिन पेपर लीक होने के कारण कल इसे पुनः आयोजित किया जाएगा। पिछली परीक्षा में भी जिला प्रशासन परीक्षा को लेकर सख्त था, इसलिए व्यवस्थाओं में कोई बड़ा बदलाव नहीं है। प्रशासन का सुरक्षा मानकों पर जोर है। 57 केंद्रों पर 23,089 विद्यार्थी परीक्षा देंगे।**

परीक्षा को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन सख्त है। परिक्षा की व्यवस्थाओं पर कलेक्टर एवं पुलिस कमिश्नर खुद लगातार निगरानी कर रहे है। हालांकि पिछली परीक्षा जब 3 मई को आयोजित की गई थी, उसमें भी सेंटरों पर कोई अप्रिय स्थित नहीं बनी थी। यही कारण है कि प्रशासन ने कोई बड़ा बदलाव इसमें नहीं किया है।परीक्षा दोपहर 2 बजे से शुरू होकर शाम सवा 5 बजे तक संचालित की जाएगी। इसके लिए विद्यार्थी को करीब 1 घंटे पहले प्रवेश मिलेगा। विद्यार्थियों से अपील की गई है कि अपने निर्धारित सेंटर पर प्रवेश के निर्धारित समय के पहले ही पहुंच जावे। जिससे कोई अप्रिय स्थिति नहीं बने। सभी परीक्षा केंद्रों में भीषण गर्मी को देखते हुए शीतल पेयजल, बैठने के लिए पर्याप्त छाया और निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

### सुरक्षा व्यवस्था, यातायात और चिकित्सा सहायता

सभी निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल मुस्तैद रहेगा। इसके अलावा शहरों की सड़कों पर यातायात की सुगमता और जाम की स्थिति से बचने के लिए भी ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। आकस्मिक चिकित्सा जरूरतों के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों पर मेडिकल स्टॉफ की तैनाती रहेगी तथा प्रत्येक पांच केन्द्रों के क्लस्टर पर एक एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। दिव्यांग परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए केंद्रों पर व्हीलचेयर का प्रबंध रहेगा और बिजली कटौती से निपटने के लिए जनरेटर्स की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। परीक्षार्थियों के साथ आने वाले अभिभावकों के लिए केंद्र के बाहर टेंट और पीने के पानी की व्यवस्था की जाएगी। सेंटरों पर जेमर भी लगा रहेगा,वही परीक्षा हॉल के निरीक्षकों में भी लगभग बदलाव नहीं किया गया है। रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड पर बसो के इंतजाम बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए किए जा रहे है, जिससे उन्हें किसी भी तरह की परेशानियां नहीं हो। परीक्षा हॉल में ड्यूटी देने वाले निरीक्षकों की आज विशेष ट्रेनिंग भी आयोजित की जा रही है।



## पार्षद पहाड़िया ने दिखाई तीर्थ यात्रियों को हरी झंडी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अन्तर्गत शासन की तरफ से ऋषिकेश हरिद्वार यात्रा के




लिए विशेष तीर्थ दर्शन ट्रेन इंदौर रेलवे स्टेशन से रवाना की गई। 191 तीर्थ यात्री अलग-अलग क्षेत्रों के इस ट्रेन से रवाना हुए। इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाने में पार्षद नन्दकिशोर पहाड़िया और रेलवे अधिकारी, यात्रा अधिकारी जिम्मेदार भी मौजूद रहे।

# कुशवाह नगर में तोड़फोड़ के निशान लगाने पहुंची निगम की टीम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम के द्वारा आज सुबह कुशवाहा नगर में तोड़फोड़ का निशान लगाने का काम शुरू किया गया। इस क्षेत्र में 60 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाना है। यह कार्य सड़क को चौड़ा करने के रूप में होगा। यह सड़क मास्टर प्लान में शामिल नहीं है। इस सड़क का निर्माण मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना के तहत राज्य सरकार के द्वारा दिए गए पैसे से किया जाना है।**

इंदौर नगर निगम की महापौर परिषद की एक दिन पहले ही आयोजित की गई बैठक में कुशवाहा नगर की सड़क का टेंडर मंजूर किया गया था। इस सड़क के निर्माण के लिए नगर निगम के द्वारा टेंडर बुला लिया गया है और उसे मंजूरी भी दे दी गई है। अब मंजूरी देने के बाद सड़क के निर्माण की राह को आसान करने के लिए नगर निगम की टीम मैदान में उतर गई। इस टीम के द्वारा आज सुबह कुशवाहा नगर में जाकर मोर्चा संभाल लिया गया।

**मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना के तहत होगा 60 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण**

निगम के अधिकारियों ने बताया कि निगम के इंजीनियरों की टीम अपने सहयोगियों के साथ कुशवाहा नगर में पहुंची है। इस टीम के द्वारा सेंट्रल लाइन डालकर सड़क के निर्माण के लिए तोड़फोड़ के निशान लगाने की कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है। निगम की ओर से पहले से ही इस क्षेत्र में नागरिकों के साथ बातचीत की जा चुकी है। नागरिक भी अपने क्षेत्र की सड़क को चौड़ा करवाने के में रुचि रखते हैं। ऐसी स्थिति में यहां पर सड़क को चौड़ा करने में विरोध जैसी कोई स्थिति नहीं है। जब नगर निगम की टीम के द्वारा सेंट्रल लाइन के साथ लगाने का काम किया जा रहा था तो क्षेत्र के रहने वाले लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। इन नागरिकों के द्वारा खासतौर पर इस बात पर ध्यान दिया जा रहा है कि सेंट्रल लाइन बराबर डाली जाए। सेंट्रल लाइन में थोड़ी सी गड़बड़ी होने पर एक तरफ के निर्माण ज्यादा तोड़ना पड़ते हैं और दूसरी तरफ के काम तोड़ना पड़ते हैं। क्षेत्र के नागरिक चाहते हैं कि ईमानदारी से सेंट्रल लाइन डालकर काम किया जाए। निगम के अधिकारियों के द्वारा भी इन नागरिकों को आश्वस्त किया गया है कि हम सही लाइन डालकर मकान में तोड़फोड़ के व्यवस्थित निशान लगाएंगे।

# परदेशीपुरा थाने के प्रधान आरक्षक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## अस्पताल से लापता होने के बाद दवा बाजार के पास बेसुध मिले

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। परदेशीपुरा थाने में पदस्थ एक प्रधान आरक्षक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें पीसीआर वाहन से इलाज के लिए एमवाय अस्पताल लाया गया था, जहाँ से वे अचानक लापता हो गए। बाद में उनकी तलाश करने पर वे दवा बाजार के समीप अचेत अवस्था में मिले। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। संयोगितागंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक का नाम तिजेंद्र लोधी पिता बीएल लोधा (42) निवासी सर्व संपन्न नगर है। तिजेंद्र परदेशीपुरा थाने पर प्रधान आरक्षक के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। बताया जा रहा है कि ड्यूटी के दौरान अचानक उनकी तबीयत काफी बिगड़ गई थी। इसके बाद उन्हें पुलिस के पीसीआर वाहन की मदद से तुरंत इलाज के लिए एमवाय अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें भर्ती कर उपचार शुरू किया। पीसी आर चालक शुभम ने बताया किप्रधान आरक्षक तिजेंद्र लोधी अस्पताल में भर्ती होने के कुछ ही देर बाद अचानक वार्ड से कहीं चले गए। जब वे अपनी बेड पर नहीं मिले, तो अस्पताल परिसर और आसपास के इलाकों में उनकी सरगर्मी से तलाश शुरू की गई। काफी खोजबीन के बाद तिजेंद्र एमवाय अस्पताल के पास स्थित दवा बाजार के समीप बेहद गंभीर और अचेत अवस्था में सड़क किनारे मिले। अचेत मिले प्रधान आरक्षक को तुरंत वापस एमवाय अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में लाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर संयोगितागंज थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

# सुबह के योग में शामिल हुए सांसद और पार्षद



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। देवी अहिल्या उद्यान राजवाड़ा में फिट इंदौर योग उत्सव के अन्तर्गत 200 से अधिक योग करने वालों ने भाग लेकर योग प्राणायाम और ध्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम में माँ अहिल्या की प्रतिमा पर पूजन भी किया गया। सूर्य नमस्कार भी हुआ। आगे भी स्वास्थ्य को प्राथमिकता देकर योग प्राणायाम करने का संकल्प भी लिया गया। सांसद शंकर लालवानी, पार्षद रूपाली अरुण पेंढारकर भी मौजूद रहे। हर्ष जोशी एथलेटिक कोच ने कहा कि योग एक दिन का कार्यक्रम नहीं बल्कि जीवन जीने की एक श्रेष्ठ पद्धति है और भी राजनेता और जनप्रतिनिधि को आमंतरित किया गया था, जिनमें कई नहीं पहुंचे।

## खिलाड़ियों की सफलता पर राजनेताओं की बधाई



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। दिल्ली में आयोजित ओपन नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण पदक। जिसमें मुख्य रूप से यूथ कैटेगरी में लव वीरांग जूनियर विशाल सोनगरा, महिपाल सोलंकी, प्रियंका यादव, सानिया और सीनियर कैटिगरी दयाशंकर यादव ने बड़ी जीत हासिल की। टीम में लव वीरांग स्ट्रांग मैन ऑफ इंडिया बने। राजनेताओं ने खिलाड़ियों को बधाई दी और भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करें ऐसा भी उद्बोधन में कहा।

## आज दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन आज और कल दो दिनों तक सेन्ट्रल जिमखाना क्लब नेहरू स्टेडियम के पास किया जा रहा है। प्रदर्शनी का शुभारंभ सांसद शंकर लालवानी कर रहे हैं। प्रदर्शनी के दौरान विभिन्न आकर्षक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें प्रश्नमंच प्रतियोगिता, गीत-संगीत कार्यक्रम के साथ ही सांस्कृतिक लोक गायन के साथ ही योगाभ्यास प्रमुख रूप से शामिल हैं।

# जूना रिसाला क्षेत्र से उठाया 200 डंपर मलबा

## अब किला मैदान से सदर बाजार तक कार निकालने जितनी हो गई सड़क साफ





**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

नगर निगम के द्वारा जूना रिसाला क्षेत्र से 200 डंपर मलबा उठाया गया है। अब यह सड़क इतनी साफ हो गई है कि किला मैदान रोड से सदर बाजार तक कार बिना किसी बाधा के निकल सकती है।

निगम के द्वारा पिछले दिनों किला मैदान रोड को सदर बाजार से जोड़ने के लिए मौजूद सड़क को 60 फीट की चौड़ाई में तब्दील करने का अभियान चलाया गया था। इस अभियान के तहत नगर निगम के द्वारा बड़ी संख्या में इस मार्ग पर स्थित मकान के हिस्से तोड़ दिए गए थे। तोड़फोड़ का काम जब नगर निगम की रिमूवल गैंग कर रही थी तब क्षेत्र के लोगों के द्वारा निगम की कार्रवाई के प्रति अपनी नाराजगी की अभिव्यक्ति भी की गई थी। निगम के द्वारा तोड़फोड़ किए जाने के बाद पूरे क्षेत्र से मलवा उठाने का काम शुरू किया गया। आज सुबह निगम के अधिकारियों की टीम के द्वारा इस पूरे क्षेत्र का दौरा किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस सड़क पर से 200 डंपर मलवा उठा लिया गया है। अब सड़क का मार्ग पूरा साफ हो गया है। यह मार्ग कितना क्लीन हो गया है इसका अंदाजा तो इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस सड़क पर एक सिरे से लेकर दूसरे सिरे तक कार आसानी से चले जाती है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि अभी थोड़ा बहुत मलबा फैला हुआ है। इस मलबे को उठाने का काम आज शाम तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद में पूरा क्षेत्र नीट एंड क्लीन हो जाएगा। इसके साथ ही नगर निगम के द्वारा इस क्षेत्र में सड़क का निर्माण करने की दिशा में भी पहल शुरू कर दी गई है। निगम के द्वारा ठेकेदार एजेंसी के कार्य को समझा जा रहा है। एजेंसी से कहा गया है कि वह सड़क का निर्माण किस तरह से कितने दिन में करेगी इस बारे में विस्तृत कार्य योजना प्रस्तुत करें। निगम की कोशिश है कि अब जब तेजी से निर्माण हट गए हैं तो फिर सड़क के निर्माण का कार्य भी तेजी से शुरू किया जाना चाहिए।

### कांग्रेस ने किया है विरोध

शहर कांग्रेस के अध्यक्ष चिंटू चौकसे के द्वारा इस क्षेत्र में निगम के द्वारा की गई तोड़फोड़ की कार्रवाई का विरोध किया गया है। उन्होंने कहा है कि नागरिकों को मुआवजा दिए बगैर उनके 50 साल पुराने मकान तोड़ना उचित नहीं है। जिस तरह से सरकार के द्वारा उज्जैन में मुआवजा दिया जा रहा है उस तरह से यहां भी मुआवजा दिया जाना चाहिए। अब इस मामले को लेकर कांग्रेस के द्वारा इस क्षेत्र के नागरिकों की बैठक आयोजित की जा रही है।

# निगम की लापरवाही से दिन भर लोग गिर रहे हैं

## महू नाका चौराहे पर हो रही परेशानी की ओर किसी का ध्यान नहीं






**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

नगर निगम की लापरवाही के कारण हर दिन बड़ी संख्या में दो पहिया वाहन चलाने वाले लोग सड़क पर गिर कर घायल हो रहे हैं। महू नाका चौराहे पर हो रहे इस घटनाक्रम की ओर किसी का ध्यान नहीं है। नगर निगम को तो मानो इस स्थिति से कोई सरोकार ही नहीं है।

महूनाका चौराहा एक ऐसा चौराहा है जहां पर सुबह से लेकर रात तक यातायात का बहुत ज्यादा दबाव बना रहता है। इस चौराहे पर एक रास्ता अन्नपूर्णा की ओर से तो एक रास्ता छतरी बाग की ओर से, एक रास्ता राजमोहल्ला की ओर से तो एक रास्ता कलेक्टर कार्यालय की ओर से आकर मिलता है। इसके साथ ही एक रास्ता रणजीत हनुमान मंदिर रोड की ओर से और एक रास्ता केसर बाग रोड की ओर से भी आकर मिलता है। इस तरह से इस चौराहे पर अलग-अलग दिशा से छह रास्ते आकर मिलते हैं। इन सभी रास्ते से लोग आकर चौराहा पार करते हैं और दूसरे रास्ते की तरफ जाते हैं। हर दिन इतनी बड़ी संख्या में लोग इस चौराहे से गुजरते हैं कि वहां पर हमेशा ट्रैफिक का दबाव बना रहता है। इस चौराहे पर सड़क के दो हिस्से के बीच में गैप आ गई है। इस गैप में अटक कर दो पहिया वाहन का पहिया फंस जाता है। जिसके कारण गाड़ी और गाड़ी चलाने वाला तथा उस पर बैठने वाले व्यक्ति गिर जाते हैं। यह सिलसिला पिछले कई दिनों से लगातार चल रहा है। हर दिन बड़ी संख्या में लोग गिरते हैं, घायल होते हैं, उन्हें लग जाती है। इसके बावजूद मानो नगर निगम को तो इस पूरी स्थिति से कोई मतलब ही नहीं है। यही कारण है कि नगर निगम के द्वारा अभी तक बड़ी संख्या में लोगों के घायल होने का कारण बनने वाली समस्या के समाधान की दिशा में कोई काम नहीं किया गया है।

## मेडिकल कॉलेज का इंजीनियर निलंबित

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज के बायो मेडिकल के इंजीनियर को निलंबित कर दिया गया है। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉक्टर अरविंद घनघोरिया के द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार कॉलेज के बायो मेडिकल के इंजीनियर प्रेरक बांचेड को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन की अवधि में उनका मुख्यालय मेडिकल कॉलेज ही रखा गया है। राज्य सरकार के सिविल सेवा नियमों के अंतर्गत निलंबन का यह आदेश जारी किया गया है। इस आदेश में कहा गया है कि उक्त इंजीनियर के द्वारा अपने कार्य के प्रति लापरवाही करते हुए काम को लंबित रखा गया और समय पर पूरा करने में रुचि नहीं ली गई। निलंबन के इस आदेश में लापरवाही को लेकर कोई ब्यौरा नहीं दिया गया है। एक लंबे अरसे के बाद मेडिकल कॉलेज से किसी के निलंबन की सूचना सार्वजनिक हुई है। इस बारे में जब मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों से संपर्क कर जानकारी हासिल करने की कोशिश की गई तो अधिकारी खामोश रहें।



## शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पुलिस अधीक्षक इंदौर ग्रामीण राजेन्द्र कुमार वर्मा के निर्देशन में महू स्थित बंडाबस्ती क्षेत्र में शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमणों के विरुद्ध संयुक्त प्रशासनिक कार्रवाई की गई। पुलिस, राजस्व विभाग एवं सेना प्रशासन के समन्वय से अवैध रूप से निर्मित भवनों को हटाने का अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के दौरान शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर निर्मित किए गए दो अवैध भवनों को अतिक्रमण से मुक्त करवाया गया। प्रशासन द्वारा बंडाबस्ती क्षेत्र में कुल 10 अवैध निर्माणों को चिन्हित किया गया है, जिनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। शेष चिन्हित निर्माणों को भी आगामी दिनों में अतिक्रमण को हटाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा है कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा अथवा अतिक्रमण स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रशासन द्वारा ऐसे मामलों में नियमानुसार कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। यह अभियान शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराना तथा क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है।

## 300 पाव देशी मदिरा और वाहन जब्त

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कल्याणमिल तिराहा कालका मंदिर के आगे मुखबिर की सूचना के बाद आबकारी विभाग के वृत्त उपनिरीक्षक भगवानदास अहिरवार और उनकी टीम ने सुजूकी एक्सेस दो पहिया वाहन को रोककर तलाशी ली वाहन से 300 पाव देशी मदिरा मसाला बरामद की गई। आबकारी दल ने मदिरा एवं वाहन को जब्त कर अपने कब्जे में लिया, जिसकी कुल अनुमानित बाजार मूल्य एक लाख 3 हजार रुपये आंका गया है। मामले में आरोपी जय प्रकाश पिता नारायण निवासी सुखलिया स्थित श्याम नगर तथा आयुष नावरे पिता सुरेश निवासी भागीरथपुरा के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।



# माहेश्वरी समाज की ठाकुरजी पिकनिक यात्रा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

महेश नवमी पर्व के अन्तर्गत चल रहे आयोजन में श्री माहेश्वरी समाज हाईवे क्षेत्र द्वारा कल 21 जून को ठाकुरजी की पिकनिक यात्रा का आयोजन बिचौली स्थित गार्डन में किया जाएगा। माहेश्वरी समाज के परिवारों को इस आयोजन के माध्यम से भक्ति, संस्कृति एवं सामाजिक समरसता के सूत्र में जोड़ना है। कार्यक्रम में विभिन्न परिवारों के ठाकुर जी विराजित होंगे तथा आकर्षक झांकियां, शोभायात्रा, ठाकुरजी का दिव्य दरबार, छप्पन भोग, भजन संध्या, भजन जैमिंग एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। बच्चों, युवाओं एवं महिलाओं की विशेष सहभागिता भी इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहेगी। इस आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। राजेश गट्टानी, सत्यनारायण मंत्री, रीना पंकज नवाल, भारती अनूप सोढानी, शीतल श्याम सारडा, डिम्पी त्वरित सारडा, श्याम सारडा सहित अन्य मौजूद थे। बैठक में यह भी तय किया गया कि 23 जून की सुबह 6.30 बजे हाईवे क्षेत्र के माहेश्वरी समाजजन परिवार सहित गौराकुण्ड से निकलने वाली प्रभातफेरी में शामिल होंगे।



# हुसैनी परमच में शामिल होंगे मुस्लिम समाजजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मोहर्रम पर्व चल रहा है और मोहर्रम की 7 तारीख 23 जून को खजराना क्षेत्र में हुसैनी परचम का आयोजन किया जाएगा। समाजसेवी सलीम पठान ने बताया कि यह परचम हबीब कॉलोनी, खजराना से प्रारंभ होकर क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों से होकर गुजरेगा। जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाजजन एवं अकीदतमंद शामिल होंगे। आयोजन के माध्यम से हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानी, इंसानियत, अमन, भाईचारे एवं सत्य के संदेश को आमजन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।



## सैनानी परिवार के वंशज का अभिनंदन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। स्वतंत्रता संग्राम सैनानी परिवार के वंशज छतरपुर से शंकरलाल सैनी इंदौर आए तो उनका सम्मान किया गया। दिलीप राजपाल, अजयनारायण सीतलानी, विकास जोशी, ओमप्रकाश वर्मा, सुभाष जैन, महेंद्र हलधर विश्वास शर्मा, अनोखीलाल मुदिराज, किशन भालसे आदि उपस्थित थे।

## सरयूपारीण ब्राह्मण समाज कल करेगा पुस्तकों का वितरण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सरयू पारीण ब्राह्मण समाज सेवा संस्था भारत द्वारा शिक्षा प्रकोष्ठ के अन्तर्गत समाज के कक्षा पहली से बारहवीं तक के जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए पुस्तक वितरण का आयोजन कल रविवार 21 जून को किया जाएगा। साथ ही 10वीं और 12वीं के 75 प्रतिशत से अधिक अंक वाले छात्रों का सम्मान भी होगा। 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों का करियर काउंसलिंग का आयोजन भी होगा। इन सभी से पहले आवेदन लिए गए हैं। जरूरतमंद बच्चों को बैग और स्टेशनरी सामग्री भी दी जाएगी। आयोजन से अनूप शुक्ला, वीरेन्द्र ओझा, अमित तिवारी, नरेन्द्र त्रिपाठी, अल्केश पाण्डेय, ओम शुक्ला जुड़े हुए हैं।



## जैन संत का विहार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जैन संत आदित्य सागर म.सा. का कल अंजलि नगर से विहार राजस्थान के उदयपुर के लिए हुआ। कल रात्रि विश्राम वेदा मल्टी स्टोरी सुपर कारिडोर पर हुआ। आज सुबह फिर विहार शुरू हो गया। उदयपुर का संघ भी साथ में मौजूद था। जयकारे भी लगे। उक्त जानकारी नकुल पाटोदी, देवेन्द्र सोगानी ने दी।

## जिनवाणी चल समारोह



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन महिला मंडल समर्थ सिटी ने जिनवाणी अवतरण दिवस के पावन अवसर पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन महिला मंडल ने भक्ति भाव सहित अत्यंत उत्साह के साथ जिनवाणी चल समारोह निकाला। अनिता संतोष जैन, सविता श्रेयांस जैन, तनु आंनद जैन, आयुषी जैन, रक्षा आशीष जैन, चहेती कीर्ति पाटोदी, प्रतिभा अनुप जैन, मधु शरद जैन, राजकुमारी योगेन्द्र जैन, रजनी जैन, रिंकी मनीष जैन, शकुन संत जैन, रोशनी चिराग जैन ने अपनी भूमिका निभाई।

## जैन खंडेलवाल युवा महासभा कराएगी कल योग

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन खंडेलवाल युवा महासभा द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर एवं सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन कल रविवार की सुबह प्रातः 08:15 बजे से 09:30 बजे तक तिलकनगर कम्युनिटी हॉल में योगाचार्य दिलीप गुप्ता के माध्यम से कराया जाएगा। शैलेन्द्र सोगानी ने उक्त जानकारी दी।

# जैन समाजजनों ने किया श्रुत स्कंध विधान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

दिगंबर जैन महिला परिषद अंजना संभाग आदिनाथ शाखा छत्रपति नगर इंदौर द्वारा दिगंबर जैन आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर में श्रुत स्कंध विधान का आयोजन युवा विद्वान पंडित मनीष जैन के निर्देशन में किया गया। कल रजत मंगल कलश की स्थापना की गई। आयोजन में राजेश जैन, संगीत जैन, सचिन देवेन्द्र जैन, रजनी जैन, मनीषा जैन, मीना जैन, सुषमा जैन, सुनीता नरेंद्र नायक, मुक्ता जैन, पिंकी रेनबो, मनीषा टारगेट, समता सोधिया, सुरेखा रसिया, सुनीता देवरी, रवि देवी जैन, अजय-आजाद मामा, डीएल जैन, वीरेंद्र जैन, रमेश जैन, डॉ. जैनेंद्र जैन, अरविंद अखिलेश सोधिया, आलोक नेता, डॉ. वीसी जैन उपस्थित थे।



# केन्द्रीय अधिकारी ने किया निरीक्षण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। केन्द्रीय अधिकारी जल शक्ति मंत्रालय पेयजल, स्वच्छ विभाग की संयुक्त सचिव ऐश्वर्या सिंह ने फ़िकल स्लज व ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन इकाई एफएसटीपी एवं पीडब्लूएमयू ग्राम पंचायत काली बिल्लोद का दौरा कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियो से एफएसटीपी और पीडब्लूएमयू के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की एवं महिला कर्मचारियों के साथ संवाद किया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) भोपाल मध्य प्रदेश के मिशन संचालक दिनेश जैन, देपालपुर जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी पूजा मालाकार, संयुक्त आयुक्त (विकास) शिवानी वर्मा, परियोजना अधिकारी मुकेश वर्मा, सरपंच महेश राठौर, गोपाल जगताप, गौरव निगम एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। यह भी जानकारी दी गई कि घरों और दुकानों से निकलने वाले कचरे से टेबल, कुर्सी और दरवाजे बनेंगे। जिसका मकसद ठोस अपशिष्ट का वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित प्रबंधन सुनिश्चित करना, पर्यावरण प्रदूषण को कम करना, स्वच्छ वातावरण का निर्माण करना साथ ही रिसाइकल कर पुनः उपयोग को प्रोत्साहित करना है।




## मार्ग नामकरण की प्रतम वर्षगांठ पर कल आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लक्ष्मीदत्त गोपालदत्तजी शास्त्री के मार्ग नामकरण की प्रथम वर्षगांठ पर कल रविवार 21 जून को परिवार द्वारा दृष्टिहीन बच्चों के साथ कार्यक्रम आयोजित होगा। सिद्धार्थ राजकुमार शर्मा का 120 बार रक्तदान करने पर सम्मान भी होगा।

## शिव बारात में मौजूद रहेंगे माहेश्वरी समाजजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री बालाजी क्षेत्र माहेश्वरी समाज द्वारा कल रविवार की सुबह 8 बजे से मुकुट मांगलिक भवन में शिव बारात महोत्सव का आयोजन किया है। महादेव और माता पार्वती के इस विवाह उत्सव में बड़ी संख्या में माहेश्वरी समाजजन मौजूद रहेंगे। इस विवाह महोत्सव के बाद प्रसादी का आयोजन भी रखा गया है। उक्त जानकारी रितेश राठी, अनिल काकाणी ने दी।

## जरूरतमंद महिलाओं को मिली सिलाई मशीन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। माया-श्याम सांस्कृतिक एवं परमार्थिक संस्था के स्थापना दिवस पर जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित की गईं। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से यह आयोजन स्वयं के रोजगार के लिए शुरू किया गया। देवेश्वर जोशी, वीरेन्द्र व्यास, केसी शर्मा, विश्वजीत शर्मा, भानु शर्मा, अरविंद देव शर्मा, विवेक व्यास, जगदीश उपाध्याय, लक्ष्मीकांत शर्मा, प्रवीण शर्मा, सतीश व्यास, नेहा व्यास, करुणा शर्मा, कांता शर्मा, बबीता उपाध्याय, शीला शर्मा, मनोरमा शर्मा, प्रेमलता उपाध्याय, राजेश शर्मा, घनश्याम उपाध्याय सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।



# ब्रोकर एसोसिएशन ने किया सेवा कार्य

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



राजशांति आशियाना वृद्ध आश्रम में इंदौर रियल एस्टेट ब्रोकर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सेवाकार्य के अन्तर्गत 12 पलंग वितरण किए और वृद्धों के लिए भोजन का आयोजन भी किया। नरेन्द्र भटेवरा, पीयूष वाजपेयी ने बताया कि कार्यक्रम के पश्चात् सभी ने पितृ पर्वत पहुंचकर हनुमानजी के दर्शन भी किए। इस दौरान नरेन्द्र भटेवरा, पीयूष वाजपेयी, सत्यनारायण प्रजापति, मनीष शाह, अनिल शर्मा, प्रकाश राठी, अभय जैन, अशोक रुपावत, अजय व्यास, लक्ष्मीनारायण मौर्य, सचिन जैन, संतोष कौशल, रूपेश दवे, दीपक नागर, राकेश जैन, राजेंद्र नागर, पवन नागर, गणेश नामदेव, अर्पित राठी, राम व्यास मौजूद थे।

# खाटूश्याम भागवत का आज से आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बिजासन रोड स्थित खाटूश्याम धाम मंदिर अम्बिकापुरी का वार्षिक उत्सव के अन्तर्गत आज सुबह स्मृति नगर शिव मंदिर से खाटू श्याम कलश यात्रा निकाली गई और 7 दिवसीय खाटूश्याम भागवत का आयोजन आज से किया जा रहा है। कलश यात्रा में आज सुबह बड़ी संख्या में मातृशक्तियां एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। श्याम बाबा के जयकारों के साथ पताकाएं लेकर भी श्रद्धालु चल रहे थे। भागवताचार्य संजय प्रभाकर भी मौजूद रहे। कलश यात्रा के बाद गौवंश पूजन और खाटूश्याम महायज्ञ का आयोजन किया गया। कथा रोजाना 3 से शाम 6 बजे तक और यज्ञ सुबह 8 से 11 बजे तक होगा। रोजाना श्याम बाबा के श्रृंगार देखने को मिलेंगे।

# योग शिविर का आयोजन




इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

स्वर्णांकुर भारत मिशन एवं शिव सुदिति योगा हब का योग शिविर का आयोजन योग दिवस के पूर्व किया गया। सुदिति राजपूत ने योग कराया। अभिषेक मिश्रा, सोनू निहाले, संगीता धाकड़, सीमा जुनेजा, भरत, नीलेश वर्मा ने अपनी भूमिका निभाई।



# वृद्ध आश्रम पर आयोजन और पौधारोपण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कर्मचारी कामगार संघ के महेश गौहर ने बताया कि कियारा गौहर और संध्या सोलंकी का अवतरण दिवस वृद्ध आश्रम में मनाया और पौधारोपण भी किया। महेश गौहर, श्याम शर्मा, रानू सेन, शकुन कलोसिया, संतोषदेवी गोसर, सीमा नरवाले, मुस्कान टिटोरिया, नितेश टांक, सुरेन्द्र परोचे, निकेता पहलवान, प्रथम पाल, सौरभ डागर, वरदान सिरसवाल, सूरज गौहर, मोहित बगेर, जितेंद्र राहोरिया मौजूद थे।



# संत बबलू महाराज का स्वागत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। निमाड़ क्षेत्र में प्रसिद्ध संत 108 बबलू महाराज इंदौर पधारे तो सेन समाज अध्यक्ष सुभाष वर्मा सेन ने अपने साथियों के साथ उनका स्वागत किया और आशीर्वचन भी सुने और आशीर्वाद भी लिया।

# सुबह और शाम के सत्रों में योग अभ्यर्थी जुटे



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आनंदवन 2 स्कीम नंबर 140 स्थित आनंदवन सोसाइटी में 21 जून 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' को लेकर सुबह और शाम के सत्रों के योग अभ्यर्थी ममता खींची एवं प्रवीण भागवत के निर्देशन में तैयारियों में जुटे हैं। आयोजन सुबह 8 से 8:45 बजे के बीच आनंदवन-2 के पोडियम पर होगा, जहां सभी साधक सामूहिक योग का प्रदर्शन करेंगे। इस आयोजन की खासियत यह है कि इसमें 30 वर्ष के युवाओं से लेकर 80 वर्ष तक के बुजुर्ग महिला व पुरुष शामिल हैं।

# कश्यप का सम्मान



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सिटी पोस्ट ऑफिस के महेश कश्यप को नेशनल एसोसिएशन ऑफ पोस्टल एम्पलाइज का सहायक महासचिव सर्वसम्मति से चुने जाने पर जगमोहन वर्मा, घनश्याम व्यास, महेंद्र देशमुख तथा तपन वर्मा ने तोपखाना पोस्ट ऑफिस में सम्मान किया।



# लीनेस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट की यात्रा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। लीनेस क्लब सुप्रभात डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट पुष्पा वरुण और एरिया ऑफिसर उषा परमार की सद्भावना यात्रा होटल में हुई। अविंतिका राजावत मौजूद थी। विगत कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। सिलाई मशीन दी गई, ब्राह्मणों को भोज के बाद कुर्ता-पजामा और टिफिन का वितरण भी किया गया। आभा शर्मा, मधु कोठारी, रचना गुप्ता, रागिनी चक्रधर, किरण लाहोटी, नम्रता, नीता माहेश्वरी, भावना माहेश्वरी, उषा लड्डा, उषा परमार, स्मिता जाजू, मधु जैन, पुष्पा काला, प्रभार गंगवाल, ममता छाजेड़, स्मृति जैन, अनिता गौर मौजूद थी।

# एमएसएमई उद्यमियों को स्वीकृति पत्र एवं ऋण वितरण



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, मध्यप्रदेश द्वारा वित्तीय सेवा विभाग, राष्ट्रीय ऋण गारंटी न्यासी कंपनी लिमिटेड, अग्रणी बैंक के सहयोग से ईसीएलजीएस 5.0 योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यापक जन-जागरूकता के उद्देश्य से ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। सदस्य बैंकों, उद्योग संगठनों, एमएसएमई उद्यमियों और अन्य हितधारकों सहित 200 प्रतिभागियों ने शिरकत की। सुमनकुमार सिंह, शैलेन्द्र कुमार, तरुण व्यास, गौरव गोयल, स्वप्निल गर्ग, जोस के एंटनी, अभिषेक मालवीय, कुलदीप सिंह, आशीष कटियार मौजूद थे।



# सिल्क एक्सपो में दिख रहा कला का जादू

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। ग्रामीण हाट बाजार में 'उमंग सिल्क एक्सपो' का आयोजन किया जा रहा है, जो 29 जून सुबह 11 से रात 9 बजे तक जारी रहेगा। असम के मूंगा सिल्क पर अगर बिहार की पारंपरिक मधुबनी की बारीक कारीगरी हो, तो नजरें बरबस ही उस तरफ टिक जाती है। दो प्राचीन कलाओं का ये अनूठा संगम इन दिनों ग्रामीण हाट बाजार में देखने को मिल रहा है। यहां चल रहे 'उमंग सिल्क एक्सपो' में इस काम को लेकर असम से बलराम आए हैं। मूंगा सिल्क की साड़ियों पर बिहार की लोक कला बारीक रेखाओं, प्राकृतिक रंगों और पौराणिक विषयों के साथ नजर आ रही हैं।

# पंकज यादव का सम्मान

जयपुर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राजस्थान जयपुर के सीतापुरा महात्मा गांधी अस्पताल में कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में कर्मचारियों को पीएफ से संबंधित योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पीएफ आयुक्त अशोक कुमार, सांसद राघवेन्द्र सिंह और अधिकारियों की मौजूदगी में सनशाइन सॉल्यूशन सर्विसेज के संस्थापक बलवान सिंह द्वारा लाभार्थी पंकज यादव को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में नियुक्ति पत्र और सम्मान प्राप्त करना पंकज यादव के लिए एक गौरवपूर्ण एवं यादगार क्षण रहा। उक्त जानकारी सुनील यादव ने दी।



उज्जैन-इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजन की मजबूत बुनियाद और
**प्रदेश के विकास का हाई स्पीड कॉरिडोर**

# ₹2935 करोड़ का 48 कि.मी. लम्बा इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड 4-लेन मार्ग

## भूमिपूजन



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री

उज्जैन एवं इंदौर को धार्मिक, आर्थिक, औद्योगिक और
आधुनिक शहरी क्षेत्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

₹5657 करोड़ के अन्य कार्यों का
**शिलान्यास एवं लोकार्पण**

यातायात एवं सड़क सुरक्षा
**जन-जागरूकता कार्यक्रम**

अध्यक्षता
**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

मुख्य अतिथि
**मनोहर लाल खट्टर**
केंद्रीय मंत्री, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय

गरिमामयी उपस्थिति
**राकेश सिंह**
मंत्री, लोक निर्माण विभाग, म.प्र. शासन

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

**20 जून, 2026 I सांवेर, जिला इंदौर**

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन: म.प्र. माध्यम/2026
D-11045-26

## संपादकीय

# शांति समझौते पर अविश्वास की छाया: अमेरिका-ईरान करार के सामने नई चुनौती

इस समझौते के तहत साठ दिनों के भीतर ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर स्थायी सहमति बनाने और होर्मुज जलमार्ग में तेल परिवहन व्यवस्था को सामान्य करने का लक्ष्य रखा गया है। अमेरिका और ईरान के बीच हुए करार के बाद उम्मीद की जा रही थी कि पश्चिम एशिया में फिर से शांति और स्थिरता कायम हो जाएगी, मगर इजराइल का आक्रामक रुख इस पर पानी फेरता नजर आ रहा है। इजराइली सेना ने गुरुवार रात दक्षिणी लेबनान में कई स्थानों को लक्ष्य बनाकर हमले किए, जिसके बाद अमेरिका-ईरान के बीच प्रस्तावित वार्ता को भी फिलहाल टाल दिया गया। इससे प्रारंभिक शांति समझौते के क्रियान्वयन पर ही सवाल खड़े हो गए हैं। इस समझौते के तहत साठ दिनों के भीतर ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर स्थायी सहमति बनाने और होर्मुज जलमार्ग में तेल परिवहन व्यवस्था को सामान्य करने का लक्ष्य रखा गया है। मगर इजराइल के तल्ख तेवर वार्ता की राह में बाधक बन रहे हैं। सवाल है कि क्या अमेरिका ने ईरान के साथ करार से पहले इजराइल के नेतृत्व को विश्वास में नहीं लिया था? क्या यह समझौता इजराइल के लिए कोई मायने नहीं रखता? आखिर क्या वजह है कि ईरान को लेकर अमेरिका के नरम रुख के बावजूद इजराइल लेबनान के मोर्चे से पीछे हटने को तैयार नहीं है। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में फ्रांस में ईरान के साथ प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। जबकि ईरान के नेतृत्व ने अलग से दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए थे। दोनों देशों के बीच हुए इस करार के मुताबिक, ईरान को अपने उच्च संवर्धित यूरेनियम भंडार को अंतरराष्ट्रीय निगरानी में कम करना होगा और परमाणु हथियार विकसित न करने की प्रतिबद्धता दोहरानी होगी। हालांकि इससे जुड़े कई अन्य मुद्दों पर आगे बातचीत होनी बाकी है, जिसके लिए शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में वार्ता की शुरुआत की जानी थी और इसमें अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को शामिल होना था। मगर गुरुवार देर शाम वेंस ने अचानक यह यात्रा रद्द कर दी। हालांकि आधिकारिक रूप से इसकी कोई ठोस वजह नहीं बताई गई, लेकिन खबरों के मुताबिक, इजराइल की ओर से लेबनान पर हमले तेज करने के कारण फिलहाल वार्ता टाल दी गई है। सवाल है कि जब द्विपक्षीय समझौते में पश्चिम एशिया में सभी मोर्चों पर तत्काल सैन्य कार्रवाई रोकने की बात कही गई है, तो इजराइल लेबनान में हमले क्यों जारी रखे हुए है? इजराइल का स्पष्ट तौर पर कहना है कि उसके सैन्य बल तब तक लेबनान से नहीं हटेंगे, जब तक हिज्बुल्ला से उत्पन्न खतरे को समाप्त नहीं कर दिया जाता। समझौते के क्रियान्वयन पर संशय का एक पहलू यह भी है कि ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को खोलने पर सहमति तो जता दी है, लेकिन इस मार्ग की निगरानी का प्रभार संभाल रहे प्राधिकरण ने समझौते के बाद नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिसमें सभी जहाज संचालकों से अपना पंजीकरण कराने को कहा गया है। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि होर्मुज जलमार्ग से जहाजों की आवाजाही के लिए ईरान शुल्क वसूलने की व्यवस्था लागू कर सकता है। अगर ऐसा होता है, तो तेल और गैस परिवहन की लागत बढ़ जाएगी, जिससे इसकी कीमतों में इजाफा होना स्वाभाविक है। यानी ऊर्जा के मौजूदा संकट की वजह से भारत समेत जिन देशों में महंगाई बढ़ी है, वहां आम लोगों को ज्यादा राहत मिलने की उम्मीद भी कम ही रहेगी। वहीं, अमेरिका समेत दुनिया के दूसरे देश ईरान की ओर से जहाजों पर शुल्क लगाने के सख्त खिलाफ हैं और ऐसे में शांति समझौते के तहत वार्ता शुरू करने तथा उसे अंजाम तक पहुंचाने की राह आसान नहीं होगी।

# शादी नहीं की तो जान से मार डालूंगा

## युवती को फोन पर धमकी देने वाले युवक पर केस दर्ज

**इन्दौर।** खजराना थाना क्षेत्र में एक सिरफिरे युवक ने पीड़िता को फोन कर मिलने बुलाया और मना करने पर उसे खौफनाक अंजाम भुगतने की धमकी दे डाली।

खजराना पुलिस के अनुसार, इस मामले में 29 वर्षीय पीड़िता ने थाने पहुँचकर अपनी आपबीती सुनाई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर पर मौजूद थी, तभी आरोपी दिव्यांश श्रीवास्तव ने उसके मोबाइल पर फोन किया। दिव्यांश ने पीड़िता पर धौंस जमाते हुए कहा कि वह तुरंत उससे मिलने के लिए आए।

जब पीड़िता ने उसकी इस हरकत का विरोध किया और मिलने से साफ इनकार कर दिया, तो आरोपी दिव्यांश बुरी तरह भड़क गया और आपा खो बैठा।पीड़िता के मुताबिक, मिलने से मना करने पर आरोपी दिव्यांश ने फोन पर ही उसे सरेशाम अंजाम भुगतने की धमकी दी। उसने चिल्लाते हुए कहा कि अगर तूने मुझसे शादी नहीं की, तो मैं तुझे जान से खत्म कर दूँगा।इस धमकी के बाद पीड़िता और उसका परिवार बुरी तरह घबरा गया। युवती ने तुरंत अपने परिजनों के साथ खजराना थाने पहुँचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर आरोपी दिव्यांश श्रीवास्तव के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी मूल रूप से स्वर्णकार कॉलोनी, विदिशा का रहने वाला है और वर्तमान में इंदौर के तिलक नगर स्थित स्कीम नंबर 140 में निवास कर रहा है।

### रीलबाज़ों पर पुलिस का शिकंजा

# चलती बाइक पर सिगरेट-बियर के कश लगा रही थी युवती

### वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने दर्ज किया केस

इन्दौर। शहर की सड़कों पर रील्स बनाने और सोशल मीडिया पर पब्लिसिटी बटोरने के चक्कर में यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों के खिलाफ विजयनगर पुलिस ने कार्रवाई की है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल होने के बाद पुलिस ने सार्वजनिक मार्ग पर अत्यंत लापरवाही और खतरनाक तरीके से वाहन चलाने तथा सरेराह नशा करने के मामले में अज्ञात वाहन चालक और युवती के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। थाना विजयनगर के अनुसार, पुलिस की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम को इंटरनेट पर एक वीडियो मिला था। इस वीडियो में एक दोपहिया वाहन चालक शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग सायाजी चौराहे से विजयनगर चौराहे के बीच अपनी बाइक को बेहद लापरवाही, तेज रफ्तार और खतरनाक अंदाज में दौड़ाते हुए दिखाई दे रहा है। हद तो तब हो गई जब वाहन के पीछे बैठी युवती सरेआम हाथ में बियर की बोतल लेकर उसका सेवन कर रही थी और साथ ही धूम्रपान के कश लगा रही थी।सरेराह कानून और ट्रैफिक नियमों को ठेंगा दिखाने वाला यह वीडियो जैसे ही अधिकारियों के संज्ञान में आया, पुलिस तुरंत एक्शन मोड में आ गई। वायरल वीडियो की बारीकी से तकनीकी जांच और परीक्षण करने पर यातायात पुलिस और विजयनगर थाना टीम ने हुलिए व नंबर प्लेट के आधार पर वाहन क्रमांक एमपी-48 झेडके 9248 की पहचान कर ली है।

# शादी का झांसा देकर लिव-इन पार्टनर को प्रताड़ित करने वाले प्रेमी पर केस दर्ज

**इंदौर।** खजराना थाना क्षेत्र के रामकृष्ण बाग कॉलोनी में एक युवती द्वारा की गई आत्महत्या के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवती के लिव-इन पार्टनर के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी युवक युवती को शादी का झांसा देकर इंदौर लाया था, लेकिन बाद में वादे से मुकर गया और उसे मानसिक रूप से इस कदर प्रताड़ित किया कि उसने आत्मघाती कदम उठा लिया।

पुलिस के अनुसार, यह पूरा मामला रामकृष्ण बाग कॉलोनी में गत 15 जून को हुई युवती पलक उर्फ पिंकी अहिरवार की खुदकुशी से जुड़ा है। पलक इंदौर के एक रेस्टोरेंट में काम करती थी और अपने प्रेमी आरोपी अरुण पिता परमाल कुशवाह मूल निवासी शिवपुरी के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। दोनों एक ही रेस्टोरेंट में साथ काम करते थे। युवती की मौत के बाद खजराना पुलिस द्वारा की गई मर्ग जांच के दौरान मृतिका की मां कोमल अहिरवार के बयान दर्ज किए गए। मां ने पुलिस के सामने न्याय की गुहार लगाते हुए बताया कि आरोपी अरुण कुशवाह उनकी बेटी पलक उर्फ पिंकी को शादी का झांसा देकर और सुनहरे सपने दिखाकर शिवपुरी से इंदौर लेकर आया था। इंदौर में साथ रहने के दौरान पलक जब भी उस पर शादी करने का दबाव बनाती, तो वह टालमटोल करता और साफ मना कर देता था। लगातार शादी की बात से मुकरने और झांसा देने के कारण दोनों के बीच विवाद होने लगा था। आरोपी अरुण द्वारा लगातार किए जा रहे धोखे और मानसिक प्रताड़ना से पलक गहरे तनाव में आ गई थी। मां के कथनों और पुलिस की शुरुआती जांच से यह साफ हुआ कि आरोपी अरुण कुशवाह ने पलक को मानसिक रूप से इस कदर प्रताड़ित और यातनाएं दीं कि वह अंदर से टूट गई और आखिरकार उसने मौत को गले लगा लिया।

## रेशम समृद्धि योजना में पंजीयन शुरू

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** रेशम संचालनालय मध्यप्रदेश की विभागीय 'रेशम समृद्धि योजना' के तहत वर्ष 2026-27 के लिए नवीन कृषकों का ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ कर दिया गया है। सहायक संचालक रेशम कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक इंदौर के अलावा संभाग के कई जिलों में इस रेशम समृद्धि योजना के पंजीयन ऑनलाइन शुरू हो चुके हैं। यही कहा गया कि किसान ऑनलाइन पंजीयन कराकर योजना का लाभ ले सकते हैं। बताया गया कि रेशम उत्पादन से जुड़कर कृषक अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं।

## नीट परीक्षा केंद्रों पर बिजली के पर्याप्त इंतजाम

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नीट की अंडर ग्रेजुएट परीक्षा 21 जून को मालवा निमाड़ में 10 जिलों में आयोजित होगी। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने इस परीक्षा के मद्देनजर सभी दस जिलों में परीक्षा केंद्रों पर बिजली आपूर्ति का पर्याप्त इंतजाम एवं पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए हैं। बिजलीकर्मी केन्द्रों पर तैनात रहेंगे।

# केवायसी के नाम पर कंस्ट्रक्शन व्यवसायी से 2.10 लाख की ठगी

**इन्दौर।** विजय नगर थाना क्षेत्र में एक कंस्ट्रक्शन व्यवसायी साइबर ठगी का शिकार हो गए। शातिर जालसाजों ने क्रेडिट कार्ड की केवाईसी अपडेट करने का झांसा देकर उनसे 2 लाख 10 हजार रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी को अंजाम दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, ठगी की यह वारदात व्यवसायी प्रशांत तोमर के साथ हुई। पीड़ित ने 9 जून को एसबीआई क्रेडिट कार्ड का ऐप डाउनलोड किया था, जिसके कुछ देर बाद उनके वॉट्सऐप पर एक अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक अधिकारी बताते हुए फ्रेश वेरिफिकेशन के नाम पर एक लिंक भेजी। व्यवसायी ने जैसे ही उस लिंक पर क्लिक किया, उनका मोबाइल फोन हैक हो गया। जब तक वे फोन बंद करते, तब तक हैकर्स ने उनके खाते से दो ट्रांजैक्शन कर 2.10 लाख रुपये पार कर दिए। विजय नगर पुलिस साइबर डेस्क की मदद से उस बैंक खाते और मोबाइल नंबर की तकनीकी जांच कर रही है, जिसमें राशि ट्रांसफर की गई है।

# कारोबारी के बैंक खाते से ठग ने डेढ़ लाख रुपए उड़ा दिए

**इंदौर।** सराफा थाना क्षेत्र में एक कारोबारी के क्रेडिट कार्ड के माध्यम से डेढ़ लाख रुपए बैंक खाते से निकाले जाने का मामला सामने आया है। फरियादी मुफद्दल पिता असगर अली ने पुलिस को दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह मारोठिया बाजार में कारोबार करते हैं। 19 मई को मेरे पास एक्सिस बैंक से मोबाइल पर क्रेडिट कार्ड का बिल 1 लाख 39 हजार 500 रुपए भरने का मैसेज आया। फरियादी मुफद्दल ने बताया कि मैं क्रेडिट कार्ड का उपयोग नहीं करता हूं, इसके बाद मैंने बैंक के कस्टमर केयर पर चर्चा की तो पता चला कि 27 अप्रैल से 7 मई के बीच अज्ञात आरोपी ने उक्त रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। सराफा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

# अमेरिका नॉकआउट में, मोरक्को की भी जीत


फीफा विश्वकप

**नई दिल्ली ।** फीफा विश्वकप 2026 में नौवें दिन कई अहम मुकाबलों ने नॉकआउट की तस्वीर को और साफ कर दिया। मेजबान अमेरिका ने अपने सबसे बड़े सितारे क्रिश्चियन पुलिसिच के बिना मैदान में उतरकर ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराया और अंतिम-32 में जगह सुनिश्चित कर ली। दूसरी ओर मोरक्को ने स्कॉटलैंड के खिलाफ शानदार जीत दर्ज करते हुए अपने ग्रुप में बढ़त हासिल कर ली। इस बीच ब्राजील और हैती के बीच मुकाबला जारी है, जिस पर दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों की नजरें टिकी हुई हैं। ब्राजील ने क्यूना के दो गोल की बदौलत हैती पर 3-0 की जीत हासिल कर ली है। इसके बाद तुर्किये का सामना पैराग्वे से होना है।

अमेरिकी टीम के लिए यह मुकाबला आसान नहीं माना जा रहा था क्योंकि टीम के स्टार फॉरवर्ड क्रिश्चियन पुलिसिच चोट के कारण उपलब्ध नहीं थे। इसके बावजूद अमेरिका ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। मैच के 11वें मिनट में फोलारिन बालोगुन के शानदार मूव ने ऑस्ट्रेलिया के डिफेंडर कैमरून बर्गेस पर दबाव बनाया और गेंद उनके ही गोल में चली गई। इस आत्मघाती गोल की मदद से अमेरिका ने शुरुआती बढ़त हासिल कर ली।

पहले हाफ के अंत से ठीक पहले 43वें मिनट में युवा खिलाड़ी एलेक्स फ्रीमैन ने सेट पीस पर शानदार हेडर लगाकर स्कोर 2-0 कर दिया। वीडियो समीक्षा के बाद गोल को मंजूरी मिली और अमेरिका ने मुकाबले पर मजबूत पकड़ बना ली। पूरे मैच में ऑस्ट्रेलिया वापसी नहीं कर सका और अमेरिका ने महत्वपूर्ण जीत दर्ज कर ली।

पहली बार सिर्फ दो मैचों में नॉकआउट में पहुंचा अमेरिका

यह उपलब्धि अमेरिकी फुटबॉल के लिए बेहद खास है। विश्वकप इतिहास में पहली बार अमेरिका ने सिर्फ दो मुकाबलों के बाद ही नॉकआउट चरण में प्रवेश सुनिश्चित किया है। 1994 में जब अमेरिका ने विश्वकप की मेजबानी की थी, तब टीम सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान वाली टीमों में शामिल होकर अगले दौर में पहुंची थी। इस बार हालांकि उसने अपने प्रदर्शन के दम पर सीधे राउंड ऑफ 32 का टिकट हासिल किया है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**इन्दौर।** राजेन्द्र नगर थाना क्षेत्र में बिज़लपुर वाइन शॉप के सामने एक तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया।

मृतक की पहचान 38 वर्षीय सपन आचार्य पिता सुभाष आचार्य, निवासी प्रगति नगर, राजेन्द्र नगर, के रूप में हुई है। घटनाक्रम के मुताबिक, सपन कल रात अपनी बाइक से किसी काम से निकले थे। जैसे ही वे बिज़लपुर स्थित वाइन शॉप के सामने मुख्य मार्ग पर पहुँचे, तभी एक अज्ञात तेज रफ्तार कार के चालक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।कार की गति इतनी तेज थी कि टक्कर लगते ही सपन बाइक सहित उछलकर सड़क पर दूर जा गिरे। उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर अंदरूनी चोटें आईं और अत्यधिक खून बह जाने के कारण वे मौके पर ही बेसुध हो गए। हादसे के बाद आरोपी कार चालक अपनी गाड़ी सहित मौके से तेजी से भाग निकला। वहाँ मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और एम्बुलेंस की मदद से घायल सपन को अस्पताल पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# दोहा में नहीं चला नीरज का जादू, चौथे स्थान पर रहे

**दोहा ।** भारतीय स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा की नौ महीने बाद प्रतिस्पर्धी एथलेटिक्स में वापसी पदक के साथ नहीं हो सकी। दोहा डायमंड लीग के पुरुष जेवलिन थ्रो फाइनल में नीरज 85.69 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे। वहीं, श्रीलंका के रुमेश पथिरागे ने 88.68 मीटर का शानदार थ्रो कर खिताब अपने नाम किया। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स 86.38 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन ने 85.99 मीटर के थ्रो के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। नीरज पोडियम से महज 30 सेंटीमीटर दूर रह गए।

### फाउल से शुरुआत, फिर दिखाई दमदार वापसी

मुकाबले की शुरुआत नीरज चोपड़ा के लिए अच्छी नहीं रही। उनका पहला प्रयास फाउल रहा, जिसके कारण वह शुरुआती रैंकिंग में काफी पीछे चले गए। हालांकि दूसरे प्रयास में उन्होंने 82.77 मीटर का थ्रो कर वापसी के संकेत दिए। इसके बाद तीसरे प्रयास में नीरज ने 85.69 मीटर का शानदार थ्रो किया और सीधे शीर्ष-3 में पहुंच गए। इस प्रदर्शन के बाद लग रहा था कि भारतीय स्टार पदक की दौड़ में मजबूती से बने रहेंगे, लेकिन आगे के राउंड में वह अपने प्रदर्शन में सुधार नहीं कर सके।



### अंतिम राउंड तक नहीं पहुंच सके नीरज

नीरज ने चौथे प्रयास में 83.45 मीटर का थ्रो किया, जबकि पांचवां प्रयास फाउल रहा। इसके चलते वह शीर्ष-तीन से बाहर हो गए। प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार, अंतिम राउंड में केवल शीर्ष तीन खिलाड़ियों को मौका मिला, इसलिए नीरज छठे प्रयास के लिए क्वालिफाई नहीं कर सके। इस तरह उनका अभियान पांचवें प्रयास के बाद ही समाप्त हो गया और वह चौथे स्थान पर रहे।

### राष्ट्रमंडल खेलों के लिए किया क्वालिफाई

दोहा डायमंड लीग में नीरज पदक नहीं जीत सके, लेकिन उनके लिए एक बड़ी सकारात्मक बात भी रही। नीरज चोपड़ा ने अपने 85.69 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ कॉमनवेल्थ गेम्स (सीडब्ल्यूजी) 2026 के क्वालिफिकेशन मार्क को पार कर लिया। ऐसे में उन्होंने आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अपनी दावेदारी मजबूत कर दी है।

# 12 करोड़ खर्च के बावजूद छाया लापरवाही का अंधेरा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** होलकर प्रतिमा से कनाडिया रोड पर पिछले साल से भी ज्यादा समय पहले लगभग 12 करोड़ की लागत से तैयार फीडर रोड सड़क पर हालत यह है कि लंबे समय से जिम्मेदारों की लापरवाही का अंधेरा छाया हुआ है। हालत यह है कि सड़क तैयार होने के इतने समय बाद भी अभी तक यहां ना एक भी पोल लगे है और ना लाइटिंग लगी है। जिससे इस मार्ग से रात दिन गुजरने वाले हजारों लोग लंबे समय से परेशान हो रहे है। बताते है क्षेत्र की 30 से ज्यादा कॉलोनी के हजारों लोगों के अलावा इस मार्ग से बायपास और अन्य कॉलोनियों की ओर जाने वाले सैकड़ो लोग रोजना इस मार्ग से गुजरते हैं, और अंधेरे के कारण वाहन चालक आपस में गुत्थम - गुत्था हो रहें है। हालत यह है कि शाम 7 बजे बाद में अंधेरे में लाइटिंग के बिना यहां कुछ भी नजर नहीं आता। यही नहीं दुकान बंद होने के बाद तो और ज्यादा हालत खराब हो जाती है। रात 9 बजे बाद में यहां से निकलने वालों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। लोगों का कहना है कि बीच में डिवाइडर तक नहीं बनाएं है, जिसके कारण भी कई बार वाहन चालक बीच के हिस्से में भी घुस जाते हैं, और इसके कारण भी दुर्घटनाएं हो रही है। खास बात यह है कि इस सड़क के मामले में पीडब्ल्यूडी अफसरों से बड़ी चूक हुई है। अफसरों की गलती से करीब 12 करोड़ के आसपास की लागत वाली बड़ी सड़क में सेंट्रल लाइटिंग और डिवाइडर बनाने की मंजूरी के लिए इस्टीमेट अफसरों द्वारा सड़क बनने के लंबे समय बाद भेजा गया। जिसके कारण सालभर बाद भी अभी तक इस मार्ग पर एक भी बिजली के पोल तक नहीं लगे। जबकि सड़क बने साल भर से ज्यादा समय हो गया, और रहवासी अंधेरे के कारण परेशान हो रहे है। इस क्षेत्र में करीब 20 से ज्यादा कॉलोनी हैं और या हजारों लोग रहते हैं। यह सड़क बनने के बाद भी अंधेरे के कारण परेशान हो रहे हैं। इधर जिम्मेदार है कि सुनने को तैयार नहीं है इधर पीडी अफसर का कहना है कि मंजूरी के लिए इस्टूमेंट भेज रखा था, वहां से मंजूरी मिलते ही जल्द ही यहां लाइटिंग लगाई जाएगी। जिसको लेकर फिलहाल हमारी ओर से विभागीय तैयारी चल रही है।



# राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मप्र को 8 स्वर्ण

**इंदौर।** ताइक्वांडो इंडिया द्वारा राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 12 से 14 जून तक आयोजित वस्त्राल स्पोर्ट्स स्टेडियम अहमदाबाद में हुई, जिसमें मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए खिलाड़ियों ने 8 गोल्ड व 6 कांस्य पदक अर्जित किए।

जिसमें पिताक्षी जैन, निशिका देशमुख, रावि माने, लक्की बर्डगुर्जर, तनीषा सुसनेर, काव्यांश राठौर, लक्षिता, दीक्षांत ने स्वर्ण पदक जीते। वहीं कांस्य पदक स्वर्णाक्षी देशमुख, मनस्वी वैद्य, आरुष अवले, अथर्वशर्मा , एली शर्मा , प्रत्युषा राजपूत ने हासिल किए । इन सफलता प्राप्त खिलाड़ियों को बधाई मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला, विश्वामित्र अवार्डी वीरेंद्र पवार, हेड कोच रितिक यादव, पीयूष चौरसिया, कनक मकवाना, सोनाली मिश्रा ने बधाई दी ।



## सुब्रोतो कप राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में इंदौर पब्लिक स्कूल उपविजेता

**इंदौर।** इंदौर पब्लिक स्कूल, मेन कैंपस के विद्यार्थियों ने शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए 65वें सुब्रोतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट (राष्ट्रीय) – 2026 की जूनियर बॉयज़ (अंडर-17) श्रेणी में उपविजेता का गौरव प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता का आयोजन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सहयोग से किया गया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 12 से 16 जून तक अमेनिटी पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर (उत्तराखंड) में आयोजित हुई, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों की श्रेष्ठ टीमों ने भाग लिया। ऐसे चुनौतीपूर्ण प्रतिस्पर्धी वातावरण में आईपीएस की टीम ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान अनुशासन, उत्कृष्ट समन्वय, दृढ़ संकल्प एवं शानदार खेल प्रदर्शन का परिचय देकर यह उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित की। प्राचार्या सुधा पांडेय ने खिलाड़ियों को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर बधाई देते हुए स्पोर्ट्स ऑफिसर महेंद्र यादव एवं कोच सचिन परदेशी के मार्गदर्शन और समर्पण की सराहना की। हमारे युवा खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# ब्राजील की जीत में कुन्हा और विनीसियस चमके

## हैती को 3-0 से पराजित कर ग्रुप में शीर्ष पर पहुंचा ब्राजील

**फिला डेल्फिया (पेंसिल्वेनिया)।** ब्राजील ने फिलाडेल्फिया मेंहैती ने 3-0 की शानदार जीत के साथ फीफा विश्व कप 2026 अभियान की शानदार शुरुआत की , जिससे वह ग्रुप सी में शीर्ष पर पहुंची और कैरेबियन देश की नॉक आउट स्टेज में पहुंच की उम्मीदों पर फिर से पानी फेर दिया।

अपने पहले मैच में मोरक्को के खिलाफ निराशाजनक 1-1 से ड्र के बाद कार्लो एन्सेलोटी की टीम पर दमदार प्रदर्शन करने का दबाव था। वहीं, हैती ने स्कॉटलैंड के खिलाफ हार के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया, जिससे टीम का मनोबल बढ़ा।

कुन्हा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेहतरीन गोल दागकर ब्राजील की बढ़त को दोगुना कर दिया। विनीस के रिटेक पास पर दौड़ते हुए कुन्हा ने गोलकीपर के अंतिम पोस्ट पर ज़ोरदार शॉट लगाया, जिससे प्लासिड के पास कोई मौका नहीं बचा।

इसके बाद विनीस ने मध्य संस्करण से पहला तीसरा गोल करके जीत हासिल की। हैती



की मजबूत रक्षा पंक्ति का फायदा उठाया गया, रियल मैड्रिड के फॉरवर्ड ने गोल की ओर से तेजी से दौड़ लगाई और प्लासी को चकमा देते हुए शांति से एक लो शॉट को गोल में डाल दिया। पहले हाफ में ब्राज़ील के लिए बेहद चिंता की बात थी रफीन्हा की चोट का कारण मैदान से बाहर था। हाफ टाइम के बाद हैती ने आक्रामक खेल दिखाया और मैच में वापसी का लगभग मौका बना लिया। कॉर्नर किक से डेविसेंडर रिकार्डो एडे के युवा हेडर ने गोल करने का सबसे अच्छा मौका बनाया, जिसे देखकर एलिसन बेकर को शानदार डिफेंस करना पड़ा। दूसरे हाफ में कम मैक के निर्माण के बावजूद, ब्राज़ील ने अपना नियंत्रण बनाए रखा और उन्हें लगा कि एंड्रिक के माध्यम से उन्होंने चौथा गोल कर दिया है, लेकिन ऑफसाइड के कारण गोल को रद्द कर दिया गया है। इस जीत के साथ ब्राज़ील ने दो मैचों में चार अंक हासिल किए हैं, जो मोरक्को के बराबर हैं। लेकिन गोल के आधार पर वे आगे हैं। इस जीत से ब्राजील की टीम ने राउंड ऑफ 32 में जगह बनाकर अच्छी स्थिति हासिल की है। ग्रुप के आखिरी मैच में उनका मुकाबला स्कॉटलैंड से होगा, जबकि हैती टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे, हालांकि उन्होंने दूसरे हाफ में बेहतर प्रदर्शन किया था।

# एक ही मैच में दो शतक चंबल की शानदार जीत



**इंदौर।** चंबल घड़ियाल्स ने होल्कर स्टेडियम में जबलपुर रॉयल लायंस को पांच विकेट से हराकर आदित्य बिड़ला ग्रुप मध्य प्रदेश लीग टी-20 सिंधिया कप 2026 में अपनी अजेय बढ़त बनाए रखी। इस जीत के साथ ही घड़ियाल्स ने टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

पहले बल्लेबाजी करते हुए, जबलपुर रॉयल लायंस ने अपने 20 ओवरों में 5 विकेट पर 204 का मजबूत स्कोर खड़ा किया। अपना दूसरा शतक लगाते हुए रोहेरा ने टूर्नामेंट की बेहतरीन पारियों में से एक खेली और सिर्फ 63 गेंदों में नाबाद 132 रन बनाए। उनकी इस पारी में 10 छक्के और सात चौके शामिल थे, जो इस सीजन का दूसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर भी है।

चंबल घड़ियाल्स के लिए अमन भदौरिया चार ओवरों में 18 रन देकर 2 विकेट लिए। जवाब में 205 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अंकुश सिंह की नाबाद 107 रनों की शतकीय पारी की बदौलत 19.2 ओवर में विजयी लक्ष्य हासिल कर लिया। अंकुश ने 57 गेंदों में 4 छक्के और 13 चौकों की मदद से यह शतकीय पारी। हर्ष दीक्षित 27, कप्तान शुभम शर्मा 15, रोहित कुमार गुप्ता 18, त्रिपुरेश सिंह 16 व अमन भदौरिया ने भी 16 रनों की पारी खेली।

कप्तान सारांश जैन 39 रनों की उम्दा पारी की बदौलत रॉयल निमाड़ ईगल्स ने बुंदेलखंड बुल्स को 4 विकेट से हराकर अपनी छठी जीत दर्ज की। बुंदेलखंड बुल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 166 रनों का स्कोर खड़ा किया। कप्तान अभिषेक पाठक व शिवांग कुमार ने 31-31 रनों का स्कोर बनाया। निमाड़ की ओर से पारुष मंडल व कप्तान सारांश जैन ने 4-4 विकेट लिए। जवाब में सारांश ने बल्लेबाजी में भी अपनी उपयोगिता सिद्ध करते हुए 39 रनों की नाबाद पारी खेली और टीम को जीत दिलाई। सारांश ने 39, अभिषेक मावी ने 38 व शिवांश चतुर्वेदी ने 30 रन बनाए।

### रिद्धिमा सूद, झलक तलरेजा, ऑरा काबरा और श्रेया अग्रवाल सेमीफाइनल में

**इंदौर।** इंदौर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वाधान में एली स्पोर्ट्स मैनेजमेंट एंड डेवलपमेंट कंपनी द्वारा आयोजित 4वीं एचएमजी ट्रॉफी बैडमिंटन टूर्नामेंट 2026 में शुक्रवार को खेले गए मुकाबलों में विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले एचएमजी बैडमिंटन अकादमी, दिल्ली पब्लिक स्कूल, निपानिया में निर्धारित समयानुसार सुचारू रूप से संपन्न हुए।

अंडर-15 बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में शीर्ष वरीय रिद्धिमा सूद ने आद्रिका शुक्ला को 15-7, 15-13 से पराजित किया। झलक तलरेजा ने अन्विका ठाकुर को 15-13, 15-12 से हराकर अंतिम चार में स्थान बनाया। तीसरी वरीय ऑरा काबरा ने काव्या आनंद सिन्हा को 15-4, 15-6 से तथा श्रेया अग्रवाल ने दूसरी वरीय दिवा चौकसे को 15-6, 16-14 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंडर-15 बालक वर्ग में आर्निक जिंदल, समग्र जैन, चंद्रकांत विश्वकर्मा और तनिष्क राजपूत ने अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

## लियोनेल मेसी के पिता की मौत की खबर चला दी

### एंकर को नौकरी से धोना पड़ा हाथ

**नई दिल्ली ।** अर्जेंटीना में एक न्यूज एंकर को अपनी नौकरी गंवानी पड़ी क्योंकि उन्होंने स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी के पिता की मौत की झूठी खबर दी थी। लुजू टीवी की एंकर फ्लोरेन्सिया पेना ने घोषणा की कि जॉर्ज मेसी का निधन हो गया है और साथ ही उन्होंने यह भी कह दिया कि मेसी अब फीफा वर्ल्ड कप 2026 में कोई मैच नहीं खेलेंगे। इस खबर के बाद गुरुवार को मेसी परिवार ने एक बयान जारी कर बताया कि मेसी के पिता अस्पताल में हैं और उन्हें कोई ऐसी मेडिकल समस्या है जिसके बारे में जानकारी नहीं दी गई है। साथ ही उनकी हालत में अच्छा सुधार हो रहा है।इस बड़ी गलती के बाद फ्लोरेन्सिया पेना ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और मेसी के परिवार से माफी मांगी। उन्होंने अपनी ओर से सफाई देते हुए कहा कि लाइव ब्रॉडकास्ट के दौरान उनके ईयरपीस के ज़रिए गलत जानकारी दी गई थी। बाद में पेना ने सोशल मीडिया पर स्पेनिश भाषा में लिखा, 'मैं मेसी परिवार से उस बुरे पल के लिए माफी मांगती हूं जिससे वे गुजर रहे हैं। मुझे इस बात का गहरा अफसोस है कि मैं इस दुख का जरिया बनी। मैं साफ करना चाहती हूं कि यह गलत जानकारी मुझे लाइव ब्रॉडकास्ट के दौरान शो की प्रोडक्शन टीम ने दी थी। फिर भी मैं अपनी गलती की जिम्मेदारी लेती हूं और लुजू से अलग होती हूं।

# नैनीताल कराटे के लिए टीम घोषित



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कराते इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के सानिध्य एवं उत्तराखंड स्पोर्ट्स कराते संघ के तत्वावधान में नैनीताल में 27 एवं 28 जून को गोवर्धन हॉल नैना लेक के निकट आयोजित होने वाले 25 वे वार्डो काई कराते स्पर्धा में एलेट स्पोर्ट्स एकेडमी और आरडी विक्टोरियस के 3 अजेय खिलाडी महू ब्लॉक एवं इंदौर जिला से इस स्पर्धा में भागीदारी करके मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिसमें राधिका पंचोले, सोनाक्षी पटेल एवं हर्षिता अटवाल शामिल है। ये तीनों खिलाड़ी अपने अपने वर्गों में काता एवं कुमिते इवेंट में हिस्सा लेंगे। इनके कोच अमय लश्करी है एवं मैनेजर जसवंत पंचोले रहेंगे। शोभा पंचोले ने बधाई दी।

# दिल्ली कैपिटल्स में युवराज संभालेंगे बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन को खत्म हुए अभी अधिक समय नहीं बीता है तो वहीं अभी से अगले सीजन को लेकर अभी से फ्रेंचाइजियों ने अपनी तैयारियों को शुरू कर दिया है। इसी बीच भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी युवराज सिंह को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है, जिसमें वह आईपीएल 2027 के सीजन में दिल्ली कैपिटल्स टीम के सपोर्ट स्टाफ में दिखने वाले हैं। युवराज के अलावा टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली जो पहले भी दिल्ली कैपिटल्स के सपोर्ट स्टाफ के सदस्य रहे हैं उनकी भी वापसी तय मानी जा रही है।

युवराज सिंह को लेकर सामने आई खबर के अनुसार युवराज सिंह आईपीएल के 20वें सीजन में दिल्ली कैपिटल्स टीम के बल्लेबाजी कोच पद को संभाल सकते हैं।



इंटरनेशनल क्रिकेट और फ्रेंचाइजी लीग को अलविदा कहने के बाद से 44 साल के युवराज सिंह पिछले काफी समय से कई युवा खिलाड़ियों के लिए मेंटर की भूमिका को अदा कर रहे हैं जिसमें अभिषेक शर्मा, प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्या का नाम प्रमुख तौर पर शामिल है जिन्होंने आईपीएल 2026 के सीजन में शानदार प्रदर्शन बल्ले से किया था। युवराज सिंह पहली बार आधिकारिक तौर पर आईपीएल में कोचिंग के सेटअप में कदम रखेंगे।

अब तक एकबार भी आईपीएल ट्रॉफी को अपने नाम नहीं कर सकी दिल्ली कैपिटल्स टीम ने 19वें सीजन की शुरुआत तो काफी शानदार तरीके से की थी लेकिन उसके बाद उनके प्रदर्शन में लगातार गिरावट देखने को मिली। लीग स्टेज के मुकाबले खत्म होने के बाद दिल्ली कैपिटल्स 14 मैचों में से सिर्फ 7 में ही जीत हासिल कर सकी और 7 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा जिसके चलते वह प्लेऑफ में भी अपनी जगह पक्की नहीं कर सके थे। इसके बाद कप्तान अक्षर पटेल के अलावा हेड कोच हेमंग बदानी को कई फैसलों के चलते आलोचना का सामना करना पड़ा था। ऐसे में अब अगले सीजन से पहले दिल्ली कैपिटल्स के कोचिंग सेटअप में बदलाव तय है जिसमें युवराज सिंह और सौरव गांगुली की एंट्री होगी। इसके अलावा स्क्वाड में भी कई बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

# भागीरथपुरा में पुरानी रंजिश के चलते युवक की हत्या



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

## बीच सड़क पर हुआ विवाद चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उतारा मौत के घाट

बाणगंगा थाना क्षेत्र के भागीरथपुरा चौकी इलाके में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की चाकू मारकर निर्मम हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एमआर-4 रोड के पास दो पक्षों में हुए विवाद के बाद आरोपियों ने युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया था, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। बाणगंगा थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, वारदात भागीरथपुरा चौकी क्षेत्र के एमआर-4 के पास की है। मृतक विशाल उर्फ नानू वर्मा पिता मुकेश वर्मा (26), निवासी भागीरथपुरा और आरोपी हिमांशु बकोरिया पिता राजा उर्फ मनोज बकोरिया निवासीः भगत सिंह नगर के बीच लंबे समय से पुरानी रंजिश चली आ रही थी। इसी रंजिश के चलते दोनों का आमना-सामना हो गया और उनके बीच तीखी बहस शुरू हो गई।



मृतक

### साथी के साथ मिलकर किया चाकू से हमला

विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी हिमांशु बकोरिया ने अपने साथी अमन यादव निवासी.सुंदर नगर के साथ मिलकर विशाल उर्फ नानू पर हमला बोल दिया। इसी दौरान आरोपियों ने अपने पास रखे धारदार चाकू से विशाल पर जानलेवा वार कर दिए। चाकू लगने से विशाल लहूलुहान होकर वहीं सड़क पर गिर पड़ा और आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और परिजनों ने घायल विशाल को तुरंत गंभीर हालत में इंदौर के एमवाय में भर्ती कराया, लेकिन घाव गहरे होने के कारण इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



# वाइन शॉप के बाहर युवक पर लोहे की रॉड से हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

## उधारी के रुपयों को लेकर हुआ था विवाद

राजेन्द्र नगर थाना क्षेत्र में रेती मंडी स्थित वाइन शॉप के बाहर उधारी के रुपयों के लेनदेन को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। यहाँ कुछ बदमाशों ने एक युवक को घेरकर पहले उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की और फिर सिर पर लोहे की रॉड से वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। राजेंद्र नगर पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

राजेन्द्र नगर पुलिस के अनुसार, यह वारदात रेती मंडी वाइन शॉप के बाहर घटित हुई। घायल युवक की पहचान नागेश बगानिया पिता मांगीलाल बगानिया, निवासी कालका माता मंदिर के पास, अहीरखेड़ी के रूप में हुई है। नागेश ने पुलिस को बताया कि जब वह वाइन शॉप के बाहर मौजूद था, तभी क्षेत्र के कुख्यात आरोपी महेश टोपी निवासी ऋषि पैलेस कॉलोनी ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसे रास्ते में रोक लिया। आरोपियों ने नागेश पर धौंस जमाते हुए कहा कि मेरी उधारी के रुपये कब वापस दे रहा है? फरियादी नागेश के मुताबिक, जब उसने आरोपियों से कहा कि 'तेरे मेरे ऊपर कोई रुपये उधार नहीं हैं, तो इस बात पर आरोपी महेश टोपी और उसके साथी भड़क गए और सरेराह गालियां देने लगे। नागेश द्वारा गाली देने से मना करने पर बदमाशों ने उस पर लात-घूंसों की बरसात कर दी। इसी बीच विवाद बढ़ाते हुए मुख्य आरोपी महेश टोपी ने अपने पास रखी लोहे की भारी रॉड निकाली और नागेश के सिर पर जोरदार वार कर दिया। हमले के कारण नागेश का सिर फट गया और वह खून से लथपथ होकर वहीं जमीन पर गिर पड़ा। व्यस्त इलाके में सरेआम हो रही इस मारपीट को देखकर आसपास के राहगीर और स्थानीय लोग तुरंत मौके पर जमा होने लगे। भीड़ को अपनी तरफ आता देख आरोपी महेश टोपी और उसके साथी नागेश को दोबारा दिखने पर जान से मारने की धमकी देते हुए वहाँ से रफूचक्कर हो गए।

# पसंद का खाना नहीं मिला तो शराब के नशे में बुजुर्ग माता-पिता को बेरहमी से पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में शराब के नशे में धुत होकर घर पहुँचे एक युवक ने सिर्फ इसलिए घर में जमकर उत्पात मचाया क्योंकि उसकी पसंद का खाना नहीं बना था। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने अपने ही बुजुर्ग माता-पिता के साथ बर्बरतापूर्वक मारपीट करते हुए उन पर लात-घूंसे बरसा दिए। तेजाजी नगर पुलिस ने पीड़ित पिता की रिपोर्ट पर आरोपी बेटे के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना गत रात क्षेत्र की लिंबोदी फेस-3 स्थित एक फ्लैट में घटित हुई। मामले में 65 वर्षीय बुजुर्ग गुरुदेव सिंह पिता सरदार सिंह ने अपने ही बेटे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी गुरुदेव सिंह ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा बलविंदर सिंह शराब पीने का आदी है और आए दिन घर में किसी न किसी बात को लेकर कलेश और विवाद करता रहता है।रोज की तरह गत रात भी आरोपी बलविंदर अत्यधिक शराब पीकर घर लौटा था। डाइनिंग टेबल पर अपनी पसंद का खाना न देखकर वह आपा खो बैठा और अपने वृद्ध माता-पिता को गालियां देने लगा। जब पीड़ित पिता ने उसे घर में गाली-गलौज करने और शांति भंग करने से मना किया, तो आरोपी हिंसक हो उठा। उसने बुजुर्ग पिता गुरुदेव सिंह और अपनी वृद्ध मां रवींद्र कौर पर हमला कर दिया और दोनों को बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया।

# पुराने विवाद में युवक पर चाकू से हमला होटल के पास रोका, पीठ और कंधे पर किए चाकू से वार, आरोपी फरार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**हीरानगर थाना क्षेत्र के गौरी नगर इलाके में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। यहाँ कुछ बदमाशों ने एक युवक को सरेराह रोककर पहले उसके साथ गाली-गलौज की और फिर बहुत तेज चल रहा है कहते हुए चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुँचाया गया है। हीरानगर पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ प्राणघातक हमले की धाराओं में मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।**

हीरानगर पुलिस के अनुसार, यह वारदात कल रात करीब 9:00 बजे गौरी नगर मेन रोड पर घटित हुई। घायल युवक की पहचान अजय पिता आशाराम चौरसिया, निवासी न्यू गौरीनगर के रूप में हुई है। अजय ने पुलिस को दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह रात के समय मेन रोड पर स्थित 'ज्ञानू की होटल' के पास से गुजर रहा था, तभी क्षेत्र के कुछ बदमाशों ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने करीब एक साल पुराने किसी आपसी झगड़े की बात को लेकर अजय के साथ विवाद खड़ा किया और सरेराह गालियां देने लगे।फरियादी के मुताबिक, जब उसने गाली देने का विरोध किया तो आरोपियों ने उस पर लात-घूंसों की बौछार कर दी। इसी दौरान बदमाशों ने उस पर धौंस जमाते हुए कहा कि 'तू बहुत तेज चल रहा है और जान से मारने की नीयत से अपने पास रखे धारदार चाकू निकाल लिए। बदमाशों ने अजय पर चाकू से ताबड़तोड़ हमले किए, जिससे उसकी पीठ और कंधे पर गहरे जख्म आए हैं।

अचानक हुए इस हमले से सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और खून से लथपथ अजय को वहीं छोड़कर आरोपी मौके से भाग निकले। आसपास के लोगों ने घायल को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुँचाया।वारदात की सूचना मिलते ही हीरानगर पुलिस की टीम अस्पताल और घटनास्थल पर पहुँची। पुलिस ने पीड़ित अजय चौरसिया की शिकायत पर हमलावर आरोपी नितेश उर्फ नीटू उर्फ बच्चा, आर्यन उर्फ सोनू, विशाल सभी निवासी किंग्स पार्क कॉलोनी, गौरी नगर और उनके एक अन्य साथी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है।

# गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और नशाखोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सदर बाजार थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर घेराबंदी करते हुए मल्हार आश्रम के समीप दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 2 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें रिमांड पर लिया है। सदर बाजार थाना पुलिस के अनुसार, पुलिस टीम को देर रात सूचना मिली थी कि मल्हार आश्रम के पास कुछ संदिग्ध युवक नशीले पदार्थ की डिलीवरी देने की नीयत से खड़े हैं। सूचना की तस्दीक करते हुए पुलिस टीम ने गत रात करीब 12:15 बजे मल्हार आश्रम के समीप पानी की टंकी के पास दबिश दी। वहाँ पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहे दो युवकों को टीम ने घेराबंदी कर धरदबोचा। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान बंटी उर्फ कासिम खान और शाहनवाज उर्फ सोनू अली के रूप में बताई। दोनों आरोपी मूल रूप से चंदन नगर क्षेत्र की ग्रीन पार्क कॉलोनी के निवासी हैं। पुलिस टीम द्वारा जब दोनों की मौके पर विधिवत तलाशी ली गई, तो उनके पास मौजूद थैले से 2 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत हजारों रुपये आंकी जा रही है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।